रजिस्ट्री सं० डी०—(डी एन)—128

REGISTERED NO. D—(DN)—128

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 5, 1988 (फाल्गुन 15 ; 1909)

No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 5, 1988 (PHALGUNA 15, 1909)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate Compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications Including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 18 फरवरी 1988

सं० एस० बी० डी०/000534—भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 29(1) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के निदेशक बोर्ड से विचार विमर्श करने के पश्चात तथा भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकृति से श्री एम० सी० शर्मा को और एक वर्ष की अवधि, दिनांक 28 फरवरी 1988 से दिनांक 27 फरवरी 1989 (दोनों दिन सम्मिलित) तक स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

25 फरवरी 1988

सूचना

नं. बीएम/26/29—भारतीय स्टेट बैंक के शेयरधारियों की 33वीं वार्षिक सामान्य सभा टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग इन्सिटट्यूट (पश्चिम क्षेत्र) शिमला हिल्स, भोपाल 462002 में गुरूवार, दिनांक 21 अप्रैल 1988 को अपराह्न 4.00 बजे निम्नलिखित कार्य हेतु होगी :—

31 दिसम्बर, 1987 को समाप्त वर्ष के लिए केन्द्रीय बोर्ड की रिपोर्ट, बैंक का तुलनपत्र और लाभ हानि लेखा तथा तुलनपत्र और लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त करना।

डी० एन० घोष;
अध्यक्ष

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली 110002, दिनांक 19 फरवरी 1988

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 1-सी० ए० (7)/160/87—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स एक्ट, 1949 (1949 का अड़तीसवां) की धारा 30 की उपधारा (1) के अधीन प्रदान अधिकारों का उपयोग करते हुए, इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया की परिषद् ने, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगूलेशन्स, 1964 में निम्न-लिखित संशोधन किये हैं। कथित धारा की उपधारा (3) की व्यवस्थाओं के अनुसार, इन संशोधनों को पहले भी प्रकाशित किया जा चुका है, तथा केन्द्रीय सरकार ने इन्हें अपनी स्वीकृति दे दी है।

कथित रेगूलेशन्स में, वर्तमान रेगूलेशन 63, को निम्नलिखित में बदल दें :—

"63. चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या:—

(1) प्रत्येक क्षेत्रीय निर्वाचन मंडल से चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या निर्वाचन मंडल के सदस्यों की ऐसी संख्या, जिसका निर्धारण अधिनियम की धारा 9 के उपधारा (2) में व्यवस्थित परिषद के लिये चुने जाने वाले सदस्यों की अधिकतम संख्या द्वारा निम्नलिखित उप विनियम (4) की व्यवस्थाओं के अनुसार निर्धारित विधि द्वारा कुल सदस्यों की संख्या को विभाजित करके किया गया हो, एक होगी।

(2) यदि प्रत्येक निर्वाचन मंडल के सदस्यों में से चुनी गयी संख्या, भिन्न संख्या पर विचार किए बिना पूर्ण संख्या के रूप में जोड़े जाने के बाद भी धारा 9 की उप धारा (2) में व्यवस्थित अधिकतम संख्या से कम है तो सर्वोच्च भिन्न सहित उस क्षेत्र की भिन्न संख्या को आंकलन एक के रूप में किया जायेगा। इसके बावजूद भी अधिकतम संख्या का कुल योग कम रहने पर अगली सर्वोच्च भिन्न संख्या सहित उस क्षेत्र की भिन्न संख्या का आंकलन एक के रूप में किया जायेगा। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक कि धारा 9 की उप धारा (2) के अधीन चुने जाने वाले सदस्यों की अधिकतम संख्या उसके बराबर नहीं आ जाती।

(3) यदि प्रत्येक निर्वाचन मंडल के सदस्यों में चुनी गयी संख्या, जोड़े जाने के उपरान्त भी अधिकतम संख्या के योग से कम रहती है और ठीक उसी भिन्न संख्या के साथ एक क्षेत्रीय निर्वाचन मंडल से अधिक क्षेत्रीय मंडल हैं तो उच्चतर सदस्य संख्या वाले निर्वाचन मंडल पर भिन्न संख्या को एक के रूप में परिवर्तित की जाने वाली प्रक्रिया लागू होगी।

(4) उप विनियम (1) में उल्लिखित कुल सदस्य संख्या को निर्धारण जिस वर्ष चुनाव होने वाले हैं उससे पूर्ववर्ती वर्ष में धारा 19 की उपधारा (3) के अधीन प्रकाशित सदस्य सूची की संख्या के आधार पर किया जाएगा।

(5) उप विनियम (1) में उल्लिखित प्रारूप के बावजूद भी प्रत्येक निर्वाचन मंडल से परिषद् के लिये चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या कम से कम होगी।"

दिनांक 23 फरवरी 1988

सं० 1-सी० ए०(7)/129/82—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगूलेशन्स, 1964 में किये जाने वाले निश्चित संशोधनों का निम्नांकित मसविदा, जो चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स एक्ट, 1949 (1949 का 38वां) के भाग 30 के उपभाग (1) और (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रस्तावित किया गया है और इसके द्वारा प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है और एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि मसविदे पर 20-4-1988 को अथवा इसके पश्चात् विचार किया जायेगा।

मसविदे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से निर्दिष्ट तिथि से पूर्व प्राप्त किसी भी आपत्ति अथवा सुझाव पर, इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया की परिषद् द्वारा विचार किया जायेगा।

उपर्युक्त रेगूलेशन में :—

वर्तमान रेगूलेशन 32-बी, को दिनांक एक अगस्त 1984 से निम्न प्रकार बदल दिया जाएगा।

"3-2बी आर्टिकल्ड क्लर्कों को वृत्तिका

(1) कोई भी सदस्य जो आर्टिकल्ड क्लर्क को नियुक्त करता है, वह ऐसे क्लर्क को निम्नलिखित विनिर्दिष्ट दरों पर प्रत्येक माह न्यूनतम वृत्तिका देगा, जहां पर कि आर्टिकल्ड क्लर्क की सेवा का सामान्य स्थान स्थित है :—

आर्टिकल क्लर्क की सेवा के सामान्य स्थान की स्थिति	प्रशिक्षण के प्रथम वर्ष में	प्रशिक्षण के द्वितीय वर्ष में	प्रशिक्षण की शेष अवधि में
	रु०	रु०	रु०
(ए) 20 लाख और अधिक जनसंख्या वाले शहरों में	150	225	300
(बी) 20 लाख से अधिक जन संख्या वालों के अतिरिक्त शहरों/कस्बों में	100	150	225

बशर्ते इन रेगूलेशन्स के अधीन किसी भी आर्टिकल्ड के बाद, परिणाम घोषित होने के बाद के माह की पहली तिथि से, चाहे शहर/कस्बों के संदर्भ में दरों का कैसा भी वर्गीकरण क्यों न हो रु० 50/- प्रति माह अतिरिक्त वृत्तिका देनी होगी।

बशर्ते यह भी कि इस रेगूलेशन में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 1 जुलाई, 1973 से पूर्व रजिस्टर हुई तिथि से किसी भी आर्टिकल्ड अथवा आडिट क्लर्क को इस रेगूलेशन के अधीन वृत्तिका दी जाए।

स्पष्टीकरण 1—इस रेगूलेशन के अन्तर्गत जिस दर पर वृत्तिका देय है, उसे निश्चित करने के लिए क्लर्क की आर्टिकल्ड ट्रेनिंग की अवधि किसी पूर्व के नियोक्ता या नियोक्ताओं के अधीन, भी विचारणीय होगी (1 जुलाई 1973 के पूर्व की अवधि नहीं)।

स्पष्टीकरण 2—इस रेगूलेशन के उद्देश्य के लिए जनसंख्या के अंकों को वैसा ही किया जाए जैसा कि भारत की अंतिम जनगणना रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया है।

2. इस रेगूलेशन के अन्तर्गत सदस्य द्वारा आर्टिकल्ड क्लर्क को वृत्तिका या तो:—

(ए) रेखांकित एकाउन्ट पेई चैक के रूप में प्रतिमाह दी जाए जिसके लिए आर्टिकल्ड क्लर्क से रसीद प्राप्त हो, या

(बी) आर्टिकल क्लर्क द्वारा खोले गए, एकाउन्ट में उसके नाम में राशि प्रतिमाह उस बैंक की शाखा में जमा कराई जाए, जिसे द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

नोट:—

उपर्युक्त अधिसूचना में, वृत्तिका की दरों को चार्टर्ड एकाउन्टन्ट्स रेगूलेशन्स 1964 के रेगूलेशन 32बी का, 1-8-1984 से केन्द्रीय सरकार की सहमति प्राप्त करने के बाद, एक भाग बना दिया गया था। माननीय मद्रास उच्च न्यायालय में कुछ रिट याचिकाएं (जिनमें की 1984 की रिट याचिका संख्या 8781; 9039, 9040, 9431, 9432 और 12004 है) दाखिल की गई माननीय उच्च न्यायालय ने अपने 20 अक्तूबर 1987 के आदेश में निर्देश दिया है कि, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट 1949 के धारा 30 की उपधारा (3) के व्यवस्थाओं के अनुसार इस अधिसूचना को सर्वसाधारण के सुझावों हेतु प्रकाशित किया जाय। इस प्रकार न्यायालय के आदेश के अनुसार इस अधिसूचना को सुझावों हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

इस सन्दर्भ में, इस बात का भी वर्णन किया जाता है कि परिषद् ने वृत्तिका की दरों को और बढ़ाने का प्रस्ताव किया है। इन दरों को इसी प्रति में 23 फरवरी 1988 की अधिसूचना संख्या 1-सी० ए०(7)/162/88 में प्रकाशित किया गया है।

सं० 1-सी०ए०(7)/162/88—चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगूलेशन्स, 1964 में किये जाने वाले निम्नांकित संशोधनों का निम्नांकित मसविदा, जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट, 1949 (1949 का 38वां) के भाग 30 के उपभाग (1) और (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रस्तावित किया गया है और इसके द्वारा प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है और एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि मसविदे पर 20-4-1988 को अथवा इसके पश्चात् विचार किया जायेगा।

मसविदे के संबंध में किसी भी व्यक्ति से निर्दिष्ट तिथि से पूर्व प्राप्त किसी भी आपत्ति अथवा सुझाव पर, इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की परिषद् द्वारा विचार किया जायेगा।

कथित रेगूलेशन्स में:—

वर्तमान रेगूलेशन 32वीं का उप रेगूलेशन (1) को; 1 जुलाई 1988 से निम्नलिखित में बदल दिया गया है:—

"(1) कोई भी सदस्य जो आर्टिकल्ड क्लर्क को नियुक्त करता है, वह ऐसे क्लर्क को निम्नलिखित विनिर्दिष्ट दरों पर प्रत्येक माह न्यूनतम वृत्तिका देगा, जहां पर कि आर्टिकल्ड क्लर्क की सेवा का सामान्य स्थान स्थित है:—

आर्टिकल्ड क्लर्क की सेवा के सामान्य स्थान की स्थिति	प्रशिक्षण के प्रथम वर्ष के दौरान	प्रशिक्षण के द्वितीय वर्ष के दौरान	प्रशिक्षण की शेष अवधि के दौरान
1	2	3	4
	रु०	रु०	रु०
(ए) 20 लाख और अधिक जनसंख्या वाले शहरों/ कस्बों में	225	350	450
(बी) 3 लाख और अधिक लेकिन 20 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों/ कस्बों में	150	225	350
(सी) 3 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों/ कस्बों में	125	175	250

बशर्ते इन रेगूलेशन्स के अधीन, इण्टरमीडिएट परीक्षा पास करने के बाद, उस आर्टिकल्ड क्लर्क को परिणाम घोषित होने के बाद के माह की पहली तिथि से, चाहे शहर कस्बों के सन्दर्भ में दरों का कैसा भी वर्गीकरण क्यों न हो, 100 रुपये प्रति माह अतिरिक्त वृत्तिका देनी होगी।

बशर्ते यह भी कि इस रेगूलेशन में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 1 जुलाई 1973 से पूर्व रजिस्टर हुई तिथि से किसी भी आर्टिकल्ड अथवा आडिट क्लर्क को इस रेगूलेशन के अधीन वृत्तिका दी जाए।

स्पष्टीकरण 1—इस रेगूलेशन के अन्तर्गत जिस दर पर वृत्तिका देय है, उसे निश्चित करने के लिये क्लर्क की आर्टिकल्ड ट्रेनिंग की अवधि किसी पूर्व के नियोक्ता या नियोक्ताओं के अधीन, भी विचारणीय होगी (1 जुलाई, 1973 के पूर्व की अवधि नहीं)

स्पष्टीकरण 2—इस रेगूलेशन के उद्देश्य के लिये जनसंख्या के अंकों को वैसा ही लिया जाय जैसा कि भारत की अन्तिम जनगणना रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया है।"

आर० एल० चोपड़ा,
सचिव

कलकत्ता–700071, दिनांक 12 फरवरी 1988

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 3–ई० सी० ए०(8)/12/87–88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्र० संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	10807	श्री संकरप्रसन्ना मुखोपाध्या, एफ० सी० ए०, 13, जुबिली पार्क, कलकत्ता–700033।	1–4–87
2.	53021	श्री देबासिस नाथन, ए० सी० ए०, 98/27, गोपाल लाल टैगोर रोड़, कलकत्ता700036।	21–1–88
3.	53309	मिसिज सुजाता साहा, ए० सी० ए०, 248, एस० एन० राय रोड़, कलकत्ता 700038।	4–6–87

दिनांक 19 फरवरी 1988

सं० 3–ई० सी० ए० (5)/14/87–88—इस संस्थान की अधिसूचना नं. 3–ई० सी० ए०/4/10/86–87 और 3 ई० सी० ए० (4)/11/86–87 दिनांक 27–2–87 और 31–3–87, के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है।

क्र० संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	7875	श्री राम रतन दास, ए० सी० ए०, 10, पीमर्स मीड, कोक्सटिड रोड़, वैस्ट डलविच, लंदन एस० ई० 21 8एन० क्यू०।	22–12–87
2.	50194	श्री मन्तु लाल साहा, ए० सी० ए०, 1711–2560, किंगस्टन रोड़, स्कारबोरो, आन्टारियो, कनाडा एम० आई० एम० आई० एल० 8।	14–1–88

आर०एल० चोपड़ा
सचिव

मद्रास-600034, दिनांक 1 फरवरी 1988

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

3-एस० सी० ए० (4)/12/87-88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है।

क्र० संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	2559	श्री एस० वेंकटासुब्रामनमन 35 नैकर न्यू स्ट्रीट, मदुराई 625 001।	26–1–88
2.	2622	श्री टी० के० मल्लिनाथन "जयम" नं० 3, 6 क्रोस स्ट्रीट, इंदिरानगर मद्रास 600020।	22–10–86
3.	3157	श्री आर० अन्नाजी राव 51, यूनिटी हाउस एबिड्स हैदराबाद 500001।	2–12–87
4.	19856	श्री एस० रघुरामामूर्थी डी० नं० 6–2–77 2/3 अरुणडेलपेट गुन्टूर 522002।	15–12–87
5.	25624	श्री वी० कुमार 31, लक्ष्मणन स्ट्रीट, महालिंगापुरम, मद्रास 600034।	10–1–88

1	2	3	4
6.	82359	श्री अम्बादी नारायनन विजयाकुमार, 30/97, "अवस्थी", पुनकुन्नम, त्रिचूर 680002 केरल ।	2-9-86

3-एस० सी० ए० (4)/13/87-88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1) (ग) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से निम्नलिखित सदस्यों का नाम निर्धारित शुल्क न जमा कराने के कारण उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है ।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	5949	श्री सी० के० फिलिपोज, चेम्पाकनारोर, पय्यापडी, कोट्टायाम 686034 केरल स्टेट ।	1-8-87
2.	8474	श्री एम० सुन्दरेसन, केयर आफ जैड० टी० आर० एस०, पी० ओ० बोक्स 32581, लुसाका—जाम्बिया ।	1-8-85
3.	19122	श्री ए० रामासुब्रामनियन, प्लोट नं० 102, अपस्टेयर्स, श्रीनगर कोलोनी, हैदराबाद 500873 ।	1-8-87
4.	19835	श्री टी० वी० सच्चिदानन्दन, 81-बी, कामाराज एवेन्यु, अड्यार, मद्रास 600020 ।	1-8-85
5.	21564	श्री एन० सूर्यानारायनन, "मे फ्लोवर", 73, वी० एम० स्ट्रीट, रोयापेट्टाह, मद्रास 600014 ।	1-8-87
6.	80910	श्री टी० जेम्स सैम्यूलराज, 61, पोन्नप्पा मुदाली स्ट्रीट, पुरसावाकम, मद्रास 600084 ।	1-8-87

3-एस० सी० ए० (4)/14/87-88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1) (ग) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से निम्नलिखित सदस्यों का नाम निर्धारित शुल्क न जमा कराने के कारण 1 फरवरी, 1988 से हटा दिया है ।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता
1	2	3
1.	22417	श्री ए० वसन्थाराजन, 51, अलारमेलमंगापुरम, माइलापोर, मद्रास 600004 ।
2.	22426	श्री सी० एस० कृष्णास्वामी, 41, 2 क्रोस स्ट्रीट, रमनाकृष्णनगर, मद्रास 600028 ।
3.	23738	श्री बी० मोहम्मद इकबाल, नं० 27, 2 फ्लोर, सिलवर जुबिली पार्क रोड़, बंगलोर 560002 ।

दिनांक 12 फरवरी 1988

3-एस० सी० ए० (8) 13/87-88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रक्टिस प्रमाण पत्र

उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	2226	श्री एस० संकरा सुब्रामनी, ए० सी० ए०, 3, 1 क्रोस, करपगम गार्डन्स, अद्यार, मद्रास 600020।	31-7-87
2.	9627	श्री कंडाथिल चन्डी बाबू, एस सी ए चीफ एकाउन्टैन्ट, लेसोथो नेशनल इंश्योरेंस कं० लिमिटेड, पी० बैग ए-65, मसेरू, लेसोथो।	31-7-87
3.	21991	श्री एस०मनी, ए०सी०ए० 13 मालविया स्ट्रीट, रामनगर, कोयम्बाटोर 641009।	31-7-87
4.	22564	श्री टी० एम० जोज, ए० सी० ए० कनाक्कापिलिल हाऊस, चेरायिल, अम्बालापुझां पी० ओ० अलेपी डिस्ट०, केरल।	5-10-87
5.	23518	श्री आर० संतोष ए०सी०ए० इंटरनेशनल हाऊस, मनसागंगोथ्री मैसूर 570006।	31-7-87
6.	26716	श्री पी० एस० मारगाबन्धु ए० सी० ए०, 22-ए, थर्ड स्ट्रीट, पोस्टल कोलोनी, वैस्ट मम्बालम मद्रास 600033।	14-9-87
7.	26798	श्री बी० रविसंकर, ए० सी० ए०, 4/30 कन्नागी स्ट्रीट, विनायकापुरम, अम्बाट्टूर, मद्रास 600053।	11-1-88
8.	32810	श्री शिवापुत्रां लिंगनागौडा पाटिल, एफ० सी० ए०, डिप्टी मैनेजर (फाइनैन्स एण्ड एकाउन्टसस), सिल्क फिलेचर के० एस० आई० सी० लि० टी० नरसिपुरा, मैसूर डिस्ट० पिन 571124।	1-9-87

3-एस० सी० ए० (8)/14/87-88—रेगूलेशन 10(1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स के रेगूलेशन 1964 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाए के अनुसार एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने का प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द समझे जाएंगे क्योंकि उन्होंने कार्य प्रमाण पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया था।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	5949	श्री सी० के० फिलिपोज, एफ० सीस ए० चेम्पाकनालोर पय्यापादी, कोट्टायाम 686034।	1-8-86
2.	13227	श्री के० सुरेश राव, एफ० सी० ए०, बहरेन नैशनल आयल कं०, रूम नं० 202, पी० ओ बोक्स 25504, अवाली-बहरैन।	1-8-86
3.	14224	श्री एन० रामन्ना, ए० सी० ए०, 81 फिफ्टी फीट रोड़, हनुमंथा नगर, बंगलौर 560019।	1-8-85

1	2	3	4
4.	14715	श्री बाबू निनान, एफ० सी० ए० मैसर्स जाम्बिया नैशनल बिल्डिंग सोसायटी, पी० ओ० बोक्स 30420, लुसाका, जाम्बिया ।	1-8-86
5.	19957	श्री जे० पी० ए० जेबाराजन, ए० सी० ए०, 19, 10 एवेन्यू, अशोक नगर, मद्रास 600083।	1-8-86
6.	20685	श्री महेन्द्र कुमार शर्मा, ए० सी० ए०, ए/11, 2 फ्लोर, आबिड शोपिंग सैन्टर, खिराग अली लेन हैदराबाद 500001।	1-8-81
7.	21292	श्री पी० वी० मुरली, ए० सी० ए०; 31, कार स्ट्रीट, त्रिप्लीकेन मद्रास 600005 ।	1-8-83
8.	21527	श्री जोसफ मेलूकरन, ए० सी० ए० 7605 फ्लीन्ट/ई; शावनी, कंसास 66214 यू०एस०ए०।	1-8-84
9.	23092	श्री बी० आर० रंगाराजन, ए० सी० ए०, 45 थर्ड मैन रोड़, आर० ए० पुरम, मद्रास 600028।	1-8-86
10.	32760	श्री पी० एल० अनन्थाराम, ए० सी० ए०, 139 श्रीनगर कोलोनी, हैदराबाद 500873।	1-8-84
11.	37045	श्री संतोष रंगानाथ बेलावाडी, ए० सी० ए०, 261, हिंदवाडी, नियर गुरुवेव मन्दिर, बैलगांव 590011।	1-8-86
12.	51144	श्री पी० सी० शाह, ए० सी० ए०, मैसर्स आन्ध्रा ओक्सीजन पी० लि०, इंडस्ट्रियल डवलपमैन्ट एरिया, विशाखापटनम 530012।	1-8-86
13.	80982	श्री वी० कृष्ना कुमार, चीफ एकाउन्टैन्ट, अब्दुल अजीज यूसुफ एसा एण्ड कम्पनी, पी० ओ० बोक्स 3562, सफत, कुवैत ।	1-8-86

दिनांक 19 फरवरी 1988

3-एस० सी० ए० (5)/15/87-88—इस संस्थान की अधिसूचना नं० 3-एस० सी० ए० (4)/10/86-87 दिनांक 27 फरवरी, 1987 और 4-एस० सी० ए० (1)/8/77-78 दिनांक 13 फरवरी, 1978, के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	10952	श्री के० मोहना राव, ए० सी० ए०, डिपटी जनरल मैनेजर (एकाउन्ट्स) ; ए० पी० हैवी मशीनरी एण्ड इंजीनियरिंग लि०, कोन्डापल्ली 521228 ।	11-12-87
2.	14494	श्री आर० एन० प्रभु, ए० सी० ए०; मैसर्स जैस्को लि०; पी० ओ० बोक्स 71334, नडोला, जाम्बिया ।	18-1-88

1	2	3	4
3.	19523	श्री हेमेन्द्रा कुमार कंकारिया, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्, 1-2-593/7, गगनमहल कोलोनी, हैदराबाद 500029 ।	18-1-88

आर० एल० चोपड़ा
सचिव

कानपुर 208001, दिनांक 27 जनवरी 1988

नं० 3-सी० सी० ए०(5)/(3)/87-88—इस संस्थान की अधिसूचना नं० 3 सी० सी० ए० (4)/(6)/86-87 दिनांक 28-1-87 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है ।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	8576	श्री राम धरोसे लाल वैश्य, ए० सी० ए०, मैनेजर सेल्स, एल० आई० सी० आफ इंडिया, पंडारी, रायपुर 492004 ।	8-1-88

आर० एल० चोपड़ा,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 1988

सं० आर०-12/19/5/75/बीमा-1—कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संकल्प दिनांक 14 दिसम्बर, 1980 के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 75 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने इसके द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 54 तथा 54-क के प्रयोजन के लिए दूसरे चिकित्सा बोर्ड का निम्न प्रकार गठन किया है :—

1. चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, शिलमिल, दिल्ली । — अध्यक्ष
2. शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, शिलमिल, दिल्ली — सदस्य
3. विकलांग विज्ञान विशेषज्ञ, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, शिलमिल, दिल्ली । — सदस्य

आवश्यक होने पर अध्यक्ष जांच किए जाने वाले बीमाकृत व्यक्ति के पीड़ित होने से संबंधित अपंगता की प्रकृति के आधार पर विकलांग विज्ञान विशेषज्ञ तथा शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ के बदले में या उनके साथ-साथ दिल्ली में किसी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल से किसी अन्य विशेषज्ञ को बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित करने के लिए प्राधिकृत हैं ।

अधिकारिता : बोर्ड की अधिकारिता सम्पूर्ण संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में तथा उत्तर प्रदेश राज्य के गाजियाबाद व बुलन्दशहर जिलों और हरियाणा राज्य के फरीदाबाद व गुड़गांव जिलों पर होगी ।

नरोत्तम व्यास
बीमा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1988

सं० एन० 15-13-7-4/87—यो० एवं वि० (2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-2-88 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे ।

अर्थात्

"जिला धारवार, तालुक और होबली हुबली के अधीन तारिहाल गांव (सर्वेक्षण सं० 64, 65, 68, 69, 87, 88, 89, 90/1 व 92) तथा के० आई० ए० डी०बी० औद्योगिक क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र"

हर भजन सिंह
निदेशक (योजना एवं विकास)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली, दिनांक 21 जनवरी 1988

सं० 1/88-122—भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग, जीवन दीप, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में उनके अवर सचिव, भारत सरकार के दिनांक 23 अप्रैल, 1987 के पत्र सं० एफ० 2(6) 87-आई०एफ०-1 द्वारा प्राप्त निदेशानुसार, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 43(1) की व्यवस्थाओं के अधीन बनाए गए निम्नलिखित विनियम, 27 अक्तूबर, 1986 तक संशोधनों सहित, एतद्द्वारा सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाते हैं :—

1. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (कर्मचारियों को उपदान संदाय) विनियम, 1968,
2. औद्योगिक वित्त निगम (बांडों का निर्गम और प्रबन्ध) विनियम, 1949,
3. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982,
4. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सामान्य विनियम, 1982,
5. औद्योगिक वित्त निगम अधिकारी (कर्मचारी) (सेवानिवृत्ति के पश्चात् निजी क्षेत्र की संस्थाओं में नियोजन का प्रतिग्रहण) विनियम, 1978।

एम० एल० कपूर,
उप महाप्रबन्धक (प्रशासन एवं कार्मिक)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

[औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) के अधीन निगमित]

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
(कर्मचारियों को उपदान संदाय) विनियम, 1968

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) की धारा 43 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (जिसे आगे "निगम" कहा गया है) के निदेशक बोर्ड ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से परामर्श करने के बाद और भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाए हैं, जो इस प्रकार हैं :—

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ

1. (1) इन विनियमों को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (कर्मचारियों को उपदान संदाय) विनियम, 1968 कहा जाएगा।

(2) ये जनवरी, 1968 के पहले दिन से लागू माने जाएंगे।

निर्वचन की शक्ति

2. इन विनियमों के निर्वचन की शक्ति निगम के अध्यक्ष (इस अभिव्यक्ति में वह व्यक्ति भी शामिल होगा जो औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 13क के अधीन कुछ समय के लिए अध्यक्ष के कार्य निष्पादित करने के लिए नियुक्त किया गया हो) में निहित होगी जो इन विनियमों को लागू करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक अनुदेश जारी करने का प्राधिकार देगा।

परिभाषाएं

3. इन विनियमों में जब तक कोई बात विषय या संदर्भ के विरुद्ध न हो—

(1) किसी कर्मचारी के संबंध में "औसत वेतन" का अर्थ है

(क) उस पर लागू मूल वेतन, जिसकी व्याख्या की गई है,

(ख) स्थानापन्न वेतन,

(ग) विशेष वेतन,

(घ) वैयक्तिक वेतन, और

(ङ) कोई अन्य परिलब्धियां जिन्हें निगम ने "वेतन" के रूप में वर्गीकृत किया गया हो,

(2) "सेवानिवृत्ति की तारीख" का अर्थ है—

(क) किसी ऐसे कर्मचारी के मामले में जो उसकी सेवा की शर्तों के अधीन सेवानिवृत्त होता है या सेवानिवृत्त किया जाता है, वह तारीख जिसको वह इस प्रकार से सेवानिवृत्त होता है या सेवानिवृत्त किया जाता है, और

(ख) किसी अन्य कर्मचारी के मामले में वह तारीख जिससे वह निगम की सेवा में नहीं रहता;

और "सेवानिवृत्ति का मास" अभिव्यक्ति का अर्थ भी इसी के अनुसार माना जाएगा।

(3) "वेतन" का अर्थ है—

(क) किसी ऐसे कर्मचारी के मामले में जो अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से ठीक पहले बारह महीने या इससे अधिक अवधि तक लगातार छुट्टी पर रहा हो, उस तारीख को उसका मूल वेतन या जिस महीने वह छुट्टी पर गया हो उस महीने से ठीक पहले बारह कलैंडर महीनों में ड्यूटी पर रहते हुए उसके द्वारा अर्जित औसत वेतन, इनमें से जो भी अधिक हो :

(ख) किसी अन्य मामले में उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख को उसका मूल वेतन या सेवानिवृत्ति के महीने के ठीक पहले बारह कलैंडर महीनों में ड्यूटी पर रहते हुए उसके द्वारा अर्जित औसत वेतन, इनमें से जो भी अधिक हो।

(4) किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में "मूल वेतन" का अर्थ उस वेतन से है जो कर्मचारी धारित मूल पद से सम्बद्ध वेतनमान में वेतन प्राप्त करने का पात्र है ।

(5) "निगम में सेवा" में—

(क) किसी कर्मचारी के पुष्टीकरण से ठीक पहले की उसकी लगातार अस्थायी सेवा की अवधि शामिल है ;

(ख) वह अवधि शामिल है जिसके दौरान कोई कर्मचारी ड्यूटी पर रहा है अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्राधिकृत छुट्टी पर रहा है ;

(ग) ऐसी कोई अवधि शामिल नहीं है जिसके दौरान कोई कर्मचारी ड्यूटी से बिना अनुमति अनुपस्थित रहा है या स्वीकृत छुट्टी से अधिक दिन अनुपस्थित रहा है जब तक कि सक्षम प्राधिकारी ने विशेष रूप से अनुमति प्रदान न की हो ।

दिए जाने की शर्तें

4. अनुवर्ती विनियमों में दी गई शर्तों, निबन्धों और अन्य उपबन्धों के अधीन निगम में सेवा की समाप्ति पर किसी स्थाई कर्मचारी को या उपदान प्राप्त करने से पूर्व स्थाई कर्मचारी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में जैसा कि विनियम 8 में निर्धारित किया जाए, के अनुसार उपदान दिया जाएगा; किन्तु इन विनियमों से यह अर्थ न लिया जाए कि किसी ऐसे कर्मचारी को कोई अधिकार या लाभ प्राप्त होगा जिसकी निगम में सेवा किसी ऐसी संविदा द्वारा शासित है जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि उसकी सेवा एक विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए है ।

कब अनुज्ञेय नहीं

5. (1) किसी ऐसे कर्मचारी को या किसी ऐसे कर्मचारी के मामले में कोई उपदान नहीं दिया जाएगा जिसने निगम में न्यूनतम दस वर्ष की सेवा नहीं की है ।

(2) उपविनियम (1) में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी, किसी कर्मचारी को या किसी ऐसे कर्मचारी के मामले में उपदान दिया जाएगा जिसने निगम में न्यूनतम दस वर्ष की सेवा नहीं की है, बशर्ते कि—

(i) निगम की सेवा के दौरान उसकी मृत्यु हो जाती है; या

(ii) शारीरिक अथवा मानसिक अशक्तता के फलस्वरूप प्रमाणित स्थाई अक्षमता के कारण वह सेवानिवृत्त हो जाता है या उसे सेवानिवृत्त होने के लिए कहा जाता है अथवा स्थापना में कमी के कारण उसकी नियुक्ति समाप्त कर दी जाती है ; या

(iii) निगम से उसकी सेवा, स्थापना में कटौती करने से भिन्न अन्य कारणों से निगम द्वारा समाप्त कर दी जाती है ।

अनुज्ञेय राशि

6. विनियम 5 के उपबन्धों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किसी कर्मचारी को अनुज्ञेय उपदान की राशि इस प्रकार होगी—

(क) निगम में की गई सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए एक महीने के वेतन के बराबर राशि लेकिन यह राशि बीस महीने के वेतन या तीस हजार रुपए, इनमें से जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी; और

(ख) तीस वर्ष से अधिक निगम में की गई सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए आधे महीने के वेतन के बराबर अतिरिक्त राशि ।

कुछ मामलों में घटी हुई राशि की अदायगी

7. पूर्ववर्ती विनियमों में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी, किसी कर्मचारी को देय उपदान की राशि का निर्धारण करते समय निगम उस कर्मचारी की अदक्षता या कदाचार के कारण निगम को हुई किसी वित्तीय हानि को ध्यान में रख सकता है और उपदान की घटी हुई राशि दे सकता है;

परन्तु यह कि पूर्ववर्ती विनियमों के अधीन सामान्यतया स्वीकार्य उपदान की राशि और इस प्रकार घटाई गई उपदान की राशि का अन्तर निगम को हुई वित्तीय हानि की राशि से अधिक नहीं होगा ।

कर्मचारी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में अदायगी

8. उपदान प्राप्त करने से पूर्व किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में स्वीकार्य उपदान की राशि इस प्रकार की जाएगी—

(क) उस व्यक्ति को जिसे कर्मचारी ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम कर्मचारी भविष्य निधि विनियमों के विनियम 15 के अधीन नामित किया हो और यदि एक से अधिक व्यक्ति इस प्रकार से नामित हों तो उन व्यक्तियों को उपदान की राशि उस अनुपात से वितरित की जाएगी जिस अनुपात में कर्मचारी ने अपनी भविष्य निधि में जमा राशि वितरित की हो; और

(ख) यदि इस प्रकार का कोई नामांकन किया गया या विद्यमान न हो, तो निगम का अध्यक्ष इस बात का निर्धारण करेगा कि उपदान की राशि किस व्यक्ति या किन व्यक्तियों को अदा की जाए और राशि किस अनुपात में वितरित की जाए ।

निगम के उन कर्मचारियों को उपदान देने के सम्बन्ध में बोर्ड की शक्तियां जो 1-7-1965 को या इसके बाद सेवा में नहीं रहे

9. बोर्ड अपने स्व-विवेक से किसी ऐसे कर्मचारी को उपदान की उतनी राशि दे सकता है जो इन विनियमों के अधीन अनुज्ञेय राशि अधिक नहीं होगी, जो जुलाई, 1965 के पहले दिन या इसके बाद निगम की सेवा में नहीं रहा, बशर्ते कि उस दिन यदि ये विनियम लागू होते तो वह इन विनियमों के अधीन उपदान का पात्र होता।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

[औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) के अधीन निगमित]

औद्योगिक वित्त निगम (बांडों का निर्गम तथा प्रबन्ध) विनियम, 1949

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 (1948 का XV) की धारा 43 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड ने, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श के बाद तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाए हैं, अर्थात :—

1. संक्षिप्त शीर्षक और अनुप्रयोग :

(1) इन विनियमों को औद्योगिक वित्त निगम (बांडों का निर्गम तथा प्रबन्ध) विनियम, 1949 कहा जाएगा।

(2) ये निगम द्वारा, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन निर्गमित और बेचे गए बांडों पर लागू होंगे।

2. परिभाषाएं :

इन विनियमों में, जब तक कि कोई बात विषय या संदर्भ के प्रतिकूल न हो :—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है कि औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948;

(ख) "बैंक" से अभिप्रेत है भारतीय रिजर्व बैंक;

(ग) "बांड" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 21 की उप-धारा (1) के अधीन निगम द्वारा निर्गमित तथा बेचे गए बांड;

(घ) "निगम" से अभिप्रेत है औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 (1948 का XV) के अधीन स्थापित भारतीय औद्योगिक वित्त निगम;

(ङ) "विकृत बांड" से अभिप्रेत ऐसा बांड है जो अस्पष्ट हो गया हो और जिसके प्रमुख भाग अपाठ्य हो गए हों तथा बांड के प्रमुख भाग में निम्नलिखित निहित हैं :—

(i) संख्या, बांड सम्बन्धित निर्गम और बांड का अंकित मूल्य अथवा ब्याज की अदायगी दिखाई करने के लिए निर्धारित भाग, अथवा

(ii) पृष्ठांकन अथवा अदाकर्त्ता का नाम लिखने के लिए, निर्धारित भाग, अथवा

(iii) नवीकरण पावती देने सम्बन्धी सूचना।

(च) "प्रपत्र" से अभिप्रेत वह प्रपत्र है जो इन विनियमों की अनुसूची (अनुसूचियों) में निर्धारित किया गया हो;

(छ) "गुमशुदा बांड" से अभिप्रेत ऐसा बांड है जो वास्तव में खो गया हो तथा इसका तात्पर्य ऐसे बांड से नहीं होगा जो दावेदार पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले किसी व्यक्ति के कब्जे में हो;

(ज) "कटा-फटा बांड" से अभिप्रेत ऐसा बांड है जो नष्ट हो गया हो, फट गया हो अथवा उसके प्रमुख भाग नष्ट हो गए हों;

(झ) "निर्गम कार्यालय" का तात्पर्य भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यालय अथवा बैंक के कार्यालय से है जिसकी पुस्तकों में बांड पंजीकृत किया गया है या किया जा सकता है;

(ञ) "निर्धारित अधिकारी" का तात्पर्य निगम अथवा बैंक के ऐसे अधिकारियों से है जिन्हें विनियम 9, 10, 11, 13, 14, और 15 के प्रयोजनों के लिए यथास्थिति निगम अथवा बैंक के संचालक बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया गया हो।

(ट) "स्टाक प्रमाण पत्र" का तात्पर्य विनियम 3 के अन्तर्गत जारी किए गए स्टाक प्रमाण-पत्र से है।

3. बांड का स्वरूप तथा उसके हस्तान्तरण का ढंग आदि

(1) बांड निम्नलिखित रूप में निर्गमित किए जा सकते हैं :—

(क) किसी व्यक्ति को, अथवा उसके आदेश पर देय वचन-पत्र (प्रोमिसरी नोट); अथवा

(ख) निगम अथवा बैंक की पुस्तकों में पंजीकृत स्टाक के लिए स्टाक प्रमाण-पत्र।

(2) (i) वचन-पत्र के रूप में निर्गमित बांड, पृष्टांकन द्वारा तथा आदेश पर देय वचन-पत्र की तरह सुपुर्दगी पर हस्तान्तरणीय होगा।

(ii) वचन-पत्र के रूप में निर्गमित बांड पर लिखी गई कोई बात, परक्रामण के प्रयोजन के लिए मान्य नहीं होगी यदि लिखी गई ऐसी कोई बात बांड द्वारा मूल्यांकित राशि के केवल आंशिक भाग के हस्तान्तरण से सम्बन्धित हो।

(3) स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में निर्गमित तथा निगम या बैंक की पुस्तकों में पंजीकृत कोई बांड, प्रपत्र 1 में हस्तान्तरण दस्तावेज के निष्पादन द्वारा या

तो पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से हस्तान्तरणीय होगा । ऐसे किसी मामले में हस्तान्तरणकर्त्ता, हस्तान्तरण से सम्बन्धित स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में निर्गमित बांडों का धारक माना जाएगा जब तक कि हस्तान्तरी का नाम निगम या बैंक द्वारा पंजीकृत न कर लिया गया हो ।

(4) (i) प्रत्येक बांड निगम के अध्यक्ष के हस्ताक्षर से निर्गमित किया जायेगा जो कि मुद्रित, रेखांकित अथवा शिलामुद्रित अथवा निगम द्वारा यथा निर्देशित किसी अन्य मशीनी प्रक्रिया द्वारा छापा गया हो ।

(ii) इस प्रकार मुद्रित, रेखांकित, शिलामुद्रित अथवा अन्यथा छापा गया हस्ताक्षर उसी प्रकार मान्य होगा मानो कि वह स्वयं हस्ताक्षरकर्त्ता की उपयुक्त लिखावट में अंकित किया गया हो ।

(5) वचन-पत्र के रूप में बांड का कोई पृष्ठांकन अथवा स्टाक प्रमाण पत्र के रूप में बांड की स्थिति में हस्तांतरण का कोई दस्तावेज तब तक मान्य नहीं होगा जब तक कि वचन-पत्र के रूप में जारी किए गए बांड के मामले में बांड के पीछे और स्टाक प्रमाण-पत्र के मामले में हस्तान्तरण विलेख पर धारक के हस्ताक्षर अथवा उसके विधिवत नियुक्त अटार्नी या प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर न किए गए हों ।

3क. बांडों आदि का निर्गम :

(1) बांड बैंक द्वारा निर्गमित किए जायेंगे ।

(2) बैंक द्वारा निर्गमित बांडों की एक सूची निगम के सम्बन्धित उसकी कार्यालय को उसकी पुस्तकों में पंजीकरण के प्रयोजन के लिए प्रेषित की जाए ।

4. ट्रस्ट को मान्यता नहीं दी जाएगी

(1) निगम अथवा बैंक किसी ट्रस्ट को अथवा बांड के सम्बन्ध में किसी अधिकार को, जब तक कि धारक का उसमें पूर्णतः अधिकार न हो, उसकी जानकारी होते हुए भी किसी प्रकार से मान्यता देने के लिए बाध्य नहीं होगा अथवा किया जाएगा ।

(2) उप-विनियम (1) की व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निगम अथवा बैंक, अनुग्रहपूर्वक कार्य के रूप में तथा निगम या बैंक पर देयता के बिना स्टाक प्रमाण पत्र के रूप में निर्गमित बाँड के धारक, द्वारा, ब्याज अथवा परिपक्वता मूल्य की अदायगी के लिए अथवा हस्तान्तरण के लिए अथवा स्टाक प्रमाण पत्र से सम्बन्धित ऐसे मामलों के लिए, जिन्हें निगम या बैंक उचित समझ, दिए गए निर्देशों को इसकी पुस्तकों में दर्ज कर सकता है ।

4क ट्रस्टियों तथा पदधारियों द्वारा स्टाक प्रमाण पत्र के रूप में निर्गमित बांड धारण करने के लिए प्रावधान

(1) स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में बांड किसी पदाधारी द्वारा निम्नलिखित रूप में धारित किया जा सकता है :—

(क) निगम अथवा बैंक की पुस्तकों में और स्टाक प्रमाण-पत्र में ट्रस्टी के रूप में उसके निजी नाम में चाहे वह अपने आवेदन में निर्दिष्ट ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में हो अथवा ऐसे किसी वर्गीकरण के बिना ट्रस्टी के रूप में हो, अथवा

(ख) अपने पद के नाम से ।

(2) जिस व्यक्ति के नाम में बांड हो उसके द्वारा निगम या बैंक द्वारा अपेक्षित प्रपत्र में निगम या बैंक को लिखित रूप में दिए गए आवेदन पर अथवा बांड के वापस कर दिए जाने पर, निगम अथवा बैंक निम्नलिखित कार्यवाही कर सकता है :—

(क) अपनी पुस्तकों में एक प्रविष्टि करेगा जिस में उसे विनिर्दिष्ट ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अथवा किसी विनिर्दिष्ट ट्रस्ट के बिना ट्रस्टी के रूप में उल्लिखित किया जाएगा तथा यथास्थिति विनिर्दिष्ट ट्रस्ट सहित अथवा उसके बिना ट्रस्टी के रूप में उल्लिखित उसके नाम में एक स्टाक प्रमाण-पत्र जारी करेगा, अथवा

(ख) उसके पद के नाम से उसे एक प्रमाण-पत्र जारी करेगा और अपनी पुस्तकों में एक प्रविष्टि करेगा जिसमें उसे, आवेदक के आवेदन के अनुसार, उसके पद के नाम में स्टाक के धारक के रूप में उल्लिखित किया गया हो, बशर्ते कि

(i) आवेदन उप-विनियम (1) के प्रावधानों के अनुरूप हो;

(ii) निगम अथवा बैंक द्वारा उप-विनियम (7) की शर्तों के अनुसार अपेक्षित आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत कर दिए गए हों; और

(iii) यदि बांड वचन-पत्र के रूप में है तो उसे निगम के पक्ष में पृष्ठांकित कर दिया गया हो तथा यदि यह स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में है तो प्रपत्र-II में पंजीकृत धारक द्वारा स्वीकार कर लिया गया हो ।

(3) उप-विनियम (1) के अधीन स्टाक प्रमाण-पत्र किसी पदधारी द्वारा या तो अकेले अथवा किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ अथवा पदधारी व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से धारण किया जा सकता है ।

(4) यदि स्टाक किसी व्यक्ति द्वारा उसके पद के नाम में धारित हो तो सम्बन्धित स्टाक प्रमाण-पत्र से सम्बद्ध कोई दस्तावेज, तत्समय पद धारण करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा उस व्यक्ति के नाम से निष्पादित किए जायेंगे जिसके नाम में स्टाक प्रमाण-पत्र धारित हो, मानो कि उसका निजी नाम वही है ।

(5) यदि निगम या बैंक की पुस्तकों में ट्रस्टी के रूप में अथवा किसी पदधारी के रूप में उल्लिखित स्टाक प्रमाण-पत्र धारक द्वारा निष्पादित किए जाने के लिए अभिप्रेत कोई हस्तान्तरण विलेख, मुख्तारनामा या अन्य दस्तावेज निगम या बैंक को प्रस्तुत किया जाता है तो निगम या बैंक इस बात की जांच करने से सम्बद्ध नहीं होगा कि क्या स्टाक प्रमाण-पत्र धारक किसी ट्रस्ट या दस्तावेज अथवा नियमों की शर्तों के अधीन कोई ऐसा अधिकार देने या ऐसा विलेख का दस्तावेज निष्पादित करने का हकदार है और हस्तान्तरण विलेख, मुख्तारनामा अथवा दस्तावेज पर उसी प्रकार कार्यवाही कर सकता है मानो कि निष्पादक स्टाक प्रमाण-पत्र धारक हो तथा क्या हस्तान्तरण विलेख, मुख्तारनामे अथवा दस्तावेज में स्टाक प्रमाण-पत्र धारक का उल्लेख ट्रस्टी के रूप में या किसी पदधारी के रूप में किया गया है अथवा नहीं तथा क्या वह ट्रस्टी के रूप में या पदधारी के रूप में अपनी हैसियत में हस्तान्तरण विलेख, मुख्तारनामे अथवा दस्तावेज का निष्पादन करता है अथवा नहीं ।

(6) इन विनियमों में कुछ भी, जैसा कि किन्हीं पदधारियों के लिए ट्रस्टियों के बीच अथवा किन्हीं ट्रस्टियों या पदधारियों और हिताधिकारियों के बीच, ट्रस्ट या किसी दस्तावेज या नियमों के अन्तर्गत ट्रस्टियों या पदधारियों को प्राधिकृत करने के लिए अथवा ट्रस्ट का गठन करने वाले लिखत की शर्तों के अनुसार ट्रस्ट पर लागू होंगे वाले विधिक नियमों या उस एसोसिएशन, जिसका कि स्टाक प्रमाण-पत्र धारक कोई पदधारी हो, को नियंत्रित करने वाले नियमों से अन्यथा कार्यवाही करने के लिए नहीं माना जाएगा तथा न तो निगम और न ही बैंक तथा न ही कोई व्यक्ति जिसका किसी स्टाक प्रमाण-पत्र में कोई हित धारित अथवा अर्जित हो, किसी स्टाक प्रमाण-पत्र या किसी स्टाक प्रमाण-पत्र धारक के सम्बन्ध में निगम या बैंक द्वारा रखे गए किसी रजिस्टर में केवल किसी प्रविष्टि के अथवा स्टाक प्रमाण-पत्र सम्बन्धित किसी दस्तावेज में किसी बात के कारण ही किसी ट्रस्ट की या किसी स्टाक प्रमाण-पत्र धारक की न्यासी प्रकृति अथवा किसी स्टाक प्रमाण-पत्र की धारिता से सम्बन्धित किसी न्यासी दायित्व की जानकारी से प्रभावित होगा ।

(7) किए गए किसी आवेदन पर अथवा निष्पादित किए जाने के लिए अभिप्रेत किसी दस्तावेज पर इस विनियम के अनुपालन में किसी पदधारी के नाते किसी व्यक्ति के द्वारा कार्यवाही किए जाने से पूर्व निगम अथवा बैंक इस बात का साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है कि ऐसा व्यक्ति तत्समय इस पद का धारक है ।

5. धारक के रूप में निरर्हक व्यक्ति

कोई अवयस्क तथा कोई व्यक्ति, जिसे सक्षम न्यायालय द्वारा अस्थिर मानसिक स्थिति का पाया गया हो, धारक बनने का हकदार नहीं होगा ।

6. ब्याज की अदायगी :

(1) किसी वचन-पत्र के रूप में बांड पर ब्याज, बांड के प्रविवरण में विनिर्दिष्ट निर्गम कार्यालय अथवा निगम के किसी अन्य कार्यालय या बैंक के कार्यालय द्वारा इस शर्त के अधीन अदा किया जायेगा कि बांड के धारक द्वारा बांड प्रस्तुत किए जाने पर निगम या बैंक द्वारा यथा अपेक्षित औपचारिकताओं का अनुपालन कर दिया गया हो ।

(2) उप-विनियम (1) में निहित किसी बात के होते हुए भी निगम या बैंक वचन-पत्र के रूप में उस बांड पर ब्याज अदा कर सकता है जिस पर ब्याज बैंक के किसी अन्य कार्यालय में, उस कार्यालय में देय ब्याज वारंट द्वारा देय हो ।

(3) स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में बांड पर ब्याज निगम या बैंक द्वारा जारी किए गए वारंटों द्वारा अदा किया जाएगा और निगम अथवा बैंक के स्थानीय कार्यालय में देय होगा। ब्याज की अदायगी के समय स्टाक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा लेकिन पाने वाला वारंट के पीछे पावती स्वीकार करेगा ।

7. वचन-पत्र के रूप में निर्गमित बांड के खो जाने आदि पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

(1) पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से खोए गए, चोरी हो गए, नष्ट हो गए, कटे-फटे या विकृत हो गए बांड के स्थान पर दूसरा बांड निर्गमित करने के लिए प्रत्येक आवेदन, निर्गम कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा और उसमें निम्नलिखित ब्यौरा होगा अर्थात :—

(क) निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार बांड का ब्यौरा :—

.....रु० के लिए बांड प्रतिशत बांड.....की सं० .....

(ख) पिछली छमाही जिसके लिए ब्याज अदा किया जा चुका है ;

(ग) वह ब्याज किस व्यक्ति को अदा किया गया था;

(घ) किस व्यक्ति के नाम में बांड निर्गमित किया गया था (यदि ज्ञात हो) ;

(ङ) बांड पर अंकित ब्याज की अदायगी का स्थान;

(च) हानि, चोरी, विनाश, विकृति या विरूपण होने की परिस्थितियां;

(छ) क्या हानि या चोरी की रिपोर्ट पुलिस को की गई थी ।

(2) ऐसे आवेदनों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जायेंगे :—

(क) यदि बांड रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे जाने के दौरान खोया गया हो तो बांड प्रेषण पत्र से सम्बन्धित डाक घर रजिस्ट्रेशन पावती;

(ख) यदि हानि या चोरी की रिपोर्ट पुलिस को की गई हो तो पुलिस रिपोर्ट की एक प्रति;

(ग) यदि ब्याज की पिछली अदायगी निर्गम कार्यालय द्वारा न की गई हो तो जहां पिछली अदायगी की गई हो उस स्थान पर निगम के प्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षरित पत्र, जिसमें बांड पर ब्याज की पिछली अदायगी प्रमाणित की गई हो तथा उस पार्टी के नाम का उल्लेख हो जिसे ऐसी अदायगी की गई थी, लेकिन यदि ब्याज की पिछली अदायगी रिजर्व बैंक द्वारा की गई हो तो उस पत्र पर बैंक के उस प्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए जहां पिछली बार ब्याज अदा किया गया था ।

(घ) यदि आवेदक पंजीकृत धारक नहीं है तो मजिस्ट्रेट के समक्ष लिया गया शपथ-पत्र जिसमें प्रमाणित किया गया हो कि आवेदक बांड का अन्तिम विधिक धारक था तथा पंजीकृत धारक के स्वामित्वाधिकार का पता लगाने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों साक्ष्य; और

(ङ) खोए गए, चोरी हो गए, कटे-फटे अथवा विकृत हो गए बांड का बचा हुआ कोई भाग या अंश ।

(3) यदि ब्याज की अदायगी निर्गम कार्यालय द्वारा अदा न की जाती हो तो आवेदन की एक प्रति निगम के कार्यालय अथवा बैंक के उस कार्यालय को भी भेजी जाएगी जहां ब्याज अदा किया जाता है, लेकिन आवेदन के साथ लगे संलग्नकों की प्रतियां भेजना आवश्यक नहीं होगा ।

8. राजपत्र में अधिसूचना :

वचन-पत्र के रूप में निर्गमित किसी बांड अथवा बांड के किसी भाग की हानि, चोरी, नष्ट हो जाने, कट-फट जाने या विकृत हो जाने पर आवेदक द्वारा तत्काल भारत के राजपत्र और हानि, चोरी होने, नष्ट हो जाने, कट-फट जाने अथवा विकृत हो जाने के स्थान पर स्थानीय राजपत्र के तीन क्रमिक अंकों में अधिसूचित किया जाएगा। ऐसी अधिसूचना निम्नलिखित प्रारूप में अथवा लगभग उसी प्रारूप में होगी जैसी कि परिस्थितियां अनुमति दें :—

"खोया गया" (यथास्थिति "चोरी हो गया", "नष्ट हो गया", "कट-फट गया" अथवा "विकृत हो गया ")

.....रु० का.....प्रतिशत बांड का भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड सं.....जो मूल रूप से.....के नाम में था तथा अन्त में.....स्वामी को पृष्ठांकित किया गया था । जिसके द्वारा यह कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को पृष्ठांकित नहीं किया गया था, के खो जाने (चोरी हो जाने, नष्ट हो जाने, कट-फट जाने अथवा विकृत हो जाने) पर एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त बांड और उस पर ब्याज की अदायगी निर्गम कार्यालय में रोक दी गई है, तथा स्वामी के पक्ष में बांड की दूसरी प्रति के निर्गम के लिए आवेदन किया जाना है अथवा कर दिया गया है । जनसाधारण को उपर्युक्त बांड खरीदने अथवा अन्यथा लेन-देन करने के प्रति सावधान किया जाता है ।

अधिसूचित करने वाले व्यक्ति का नाम.....

निवास.....

9. बांड की दूसरी प्रति का निर्गम तथा क्षतिपूर्ति करारनामा प्राप्त करना :

(1) विनियम 8 में निर्धारित अन्तिम अधिसूचना प्रकाशन के बाद, यदि निर्धारित अधिकारी बांड के के खोए जाने, चोरी हो जाने, नष्ट हो जाने, कट-फट जाने या विकृत हो जाने से और आवेदक के दावे के औचित्य से आश्वस्त हो तो वह विनियम 10 के अन्तर्गत प्रकाशित सूची में बांड का ब्यौरा शामिल करने की व्यवस्था करेगा और निर्गम कार्यालय को निम्नलिखित आदेश देगा :—

(क) यदि बांड का कोई भाग खो गया, चोरी हो गया, नष्ट हो गया, कट-फट गया अथवा विकृत हो गया हो और यदि बांड की पहचान के लिए पर्याप्त उसका कोई भाग प्रस्तुत किया गया हो तो ब्याज अदा करने का तथा आवेदक को, यहां इसके बाद उल्लिखित क्षतिपूर्ति बन्ध-पत्र के निष्पादन करने पर उस बांड के स्थान पर जिसका कि कोई भाग खो गया, चोरी हो गया, नष्ट हो गया, कट-फट गया अथवा विकृत हो गया हो, विनियम 10 के अन्तर्गत सूची के प्रकाशन के तत्काल बाद अथवा उक्त सूची के प्रकाशन की तारीख से निर्धारित अधिकारी द्वारा आवश्यक समझी गई अवधि की समाप्ति के बाद बांड की दूसरी प्रति जारी करना;

(ख) यदि इस प्रकार खोये गए, चोरी हो गये, नष्ट हो गय, कट फट गये अथवा विकृत हो गये बांड की पहचान के लिए अपर्याप्त कोई भाग प्रस्तुत किया गया हो तो आवेदक को, उक्त सूची के प्रकाशन के दो वर्ष बाद तथा यहां इसके बाद निर्धारित ढंग से क्षतिपूर्ति बन्ध-पत्र के निष्पादन करने पर, इस प्रकार खो गए, चोरी हो गए, नष्ट हो गये कट-फट गये अथवा विकृत हो गए बांड के सम्बन्ध में यहां इसके बाद आगे दी गई व्यवस्था के अनुसार छह वर्ष की अवधि की समाप्ति तक ब्याज अदा करना तथा इस प्रकार खो गए, चोरी हो गए, नष्ट हो गए कट-फट गए अथवा विकृत हो गए बांड के बदले में, उक्त सूची के प्रकाशन की तारीख से छह वर्ष बाद आवेदक को बांड की दूसरी प्रति जारी करना, बशर्ते कि

(i) यदि बांड की पुर्नअदायगी के लिए देय तारीख छह वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति से पहले आती है तो निर्धारित अधिकारी, पहले वाली तारीख के छह सप्ताह के भीतर बांड पर देय मूलधन राशि, डाक घर बचत बैंक में निवेश कर देगा और जब बांड की दूसरी प्रति अन्यथा जारी की गई हो तो उस समय यह राशि, ऐसे बैंक में उस पर प्रोद्भूत किसी ब्याज सहित आवेदक को पुनर्अदा करेगा, और

(ii) यदि बांड की दूसरी प्रति जारी किए जाने से पूर्व किसी समय मूल बांड का पता लग जाए अथवा अन्य कारणों से निर्गम कार्यालय को प्रतीत हो कि आदेश रद्द किया जाना चाहिए तो विचार-विमर्श के लिए मामला निर्धारित अधिकारी के पास भेजा जाएगा तथा इस दौरान सभी कार्यवाही निलम्बित कर दी जाएगी। इस उप-विनियम के अन्तर्गत पारित कोई आदेश उसमें उल्लिखित छह वर्ष की अवधि की समाप्ति पर अन्तिम आदेश होगा। यदि इस दौरान उसे रद्द अथवा अन्यथा संशोधित न कर दिया गया हो।

(2) यदि बांड की दूसरी प्रति जारी किए जाने से पूर्व किसी समय निर्धारित अधिकारी पर्याप्त कारण पाता है तो वह इस विनियम के अधीन उसके द्वारा दिए गए किसी आदेश को परिवर्तित अथवा रद्द कर सकता है और निदेश दे सकता है कि बांड की दूसरी प्रति जारी करने से पूर्व के अन्तराल को छह वर्ष से अनधिक उस अवधि तक बढ़ाया जाएगा जैसी कि वह उचित समझे।

(3) क्षतिपूर्ति बन्ध-पत्र—

(i) (क) जब उप-विनियम (1) (ख) के अन्तर्गत निष्पादित किया जाए तो उसमें निहित ब्याज की राशि से दुगुने के लिए होगा अर्थात बांड पर प्रोद्भूत होने वाले पिछले सारे ब्याज की राशि का दुगुना तथा बांड की दूसरी प्रति जारी किए जा सकने से पूर्व व्यतीत हो जाने वाली अवधि के दौरान उस पर प्रोद्भूत होने वाले सारे ब्याज की राशि का दुगुना, और

(ख) अन्य सभी मामलों में यह बांड के अंकित मूल्य स दुगुनी राशि तथा खण्ड (क) के अनुसार परिगणित ब्याज की राशि से दुगुनी राशि के लिए होगा।

(ii) निर्धारित अधिकारी निदेश दे सकता है कि ऐसा क्षतिपूर्ति बन्ध पत्र आवेदक द्वारा अकेले अथवा आवेदक द्वारा एवं निर्धारित अधिकारी द्वारा अनुमोदित और उचित समझी गई एक या दो प्रतिभूतियों द्वारा निष्पादित किया जाएगा।

9क. स्टाक प्रमाण-पत्र के रूप में निर्गमित बांड के खो जाने आदि पर की जाने वाली कार्यवाही :

(1) पूर्णतः या आंशिक रूप से खोए गए, चोरी हो गए, नष्ट हो गए, कट फट गए अथवा विकृत हो गए, किसी स्टाक प्रमाण-पत्र के स्थान पर उसकी दूसरी प्रति जारी करने के लिए, प्रत्येक आवेदन निर्गम कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा तथा उसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होंगे :—

(क) यदि बांड रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे जाने के दौरान खोया गया हो तो बांड प्रेषण पत्र से सम्बन्धित डाक घर रजिस्ट्रेशन पावती;

(ख) यदि हानि अथवा चोरी की रिपोर्ट पुलिस को की गई थी तो पुलिस रिपोर्ट की एक प्रति;

(ग) मजिस्ट्रेट के समक्ष लिया गया शपथ-पत्र जिसमें प्रमाणित किया गया हो कि आवेदक, स्टाक प्रमाण-पत्र का विधियक धारक है और कि स्टाक प्रमाण-पत्र न तो उसके कब्जे में है और न ही यह उसके द्वारा हस्तान्तरित किया गया, गिरवी रखा गया अथवा अन्यथा लेन-देन किया गया है; और

(घ) खोए गए, चोरी हो गए, नष्ट हो गए, कट-फट गए अथवा विकृत हो गए स्टाक प्रमाण-पत्र का ऐसा कोई भाग या अंश जो शेष रह गया हो

(2) आवेदन में हानि होने की उत्तरदायी परिस्थितियों का उल्लेख किया जाएगा।

(3) यदि निर्गम कार्यालय स्टाक प्रमाण-पत्र के खोए जाने, चोरी, नष्ट, कट-फट जाने अथवा विकृत हो जाने से आश्वस्त हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र के बदले स्टाक प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति जारी करेगा।

10. सूची का प्रकाशन

(1) विनियम 9 में उल्लिखित सूची, जनवरी या जुलाई के महीनों में अथवा उसके तत्काल बाद जब भी सुविधाजनक हो, भारत के राजपत्र में अर्ध-वार्षिक रूप से प्रकाशित की जाएगी ।

(2) ऐसे सभी बांड जिनके सम्बन्ध में विनियम 9 के अन्तर्गत आदेश पारित किया गया हो, ऐसा आदेश पारित किए जाने के बाद प्रकाशित पहली सूची में शामिल किए जायेंगे और तत्पश्चात ऐसे बांड, प्रथम प्रकाशन की तारीख से छह वर्ष की समाप्ति तक प्रत्येक क्रमिक सूची में शामिल किए जाते रहेंगे ।

(3) सूची में शामिल प्रत्येक बांड के सम्बन्ध में निम्नलिखित ब्यौरा उसमें दिया जाएगा अर्थात निर्गम का नाम, बांड की संख्या, इसका मूल्य, उस व्यक्ति का नाम जिसे यह निर्गमित किया गया था, तारीख जिसमें उस पर ब्याज लगेगा, दूसरी प्रति के निर्गम के लिए निर्धारित अधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश की संख्या तथा तारीख, और उस सूची के प्रकाशन की तारीख जिसमें बांड पहली बार शामिल किया गया था ।

11. नवीकरण के लिये अपेक्षित बांड के रूप में कटे फटे बांड का निर्धारण

किसी कटे फटे अथवा विकृत हो गये बांड को, विनियम 9 के अधीन बांड को, विनियम 9 के अधीन बांड की दूसरी प्रति जारी करने के लिये अथवा विनियम 14 के अधीन केवल नवीकरण के लिये अपेक्षित बांड के रूप में मानना निर्धारित अधिकारी के विकल्प पर होगा ।

12. जब वचन पत्र के रूप में निर्गमित बांड का नवीकरण किया जाना अपेक्षित हो ।

(1) वचन पत्र के रूप में किसी बांड (इस विनियम में जहां इसके बाद बांड के रूप में उल्लिखित) के धारक को, निम्नलिखित किसी मामले में नवीकरण के लिये उसे निर्गम कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, अर्थात्:—

(क) यदि केवल बांड के पृष्ठ भाग में एक और पृष्ठांकन के लिये पर्याप्त स्थान शेष हो अथवा यदि बांड पर विद्यमान पृष्ठांकन या पृष्ठांकनों पर कोई शब्द लिखा गया हो;

(ख) यदि निर्गम कार्यालय के विचारानुसार बांड फट गया हो या किसी प्रकार से क्षतिग्रस्त हो गया हो अथवा उस पर बहुत अधिक लिख दिया गया हो अथवा अनुपयुक्त हो;

(ग) यदि कोई पृष्ठांकन स्पष्ट और सुपाठ्य न हो अथवा यथास्थिति आवाता या आदाता के नाम का द्योतक न हो अथवा बांड के पृष्ठ भाग में बने किसी पृष्ठांकन खानों की बजाय अन्यथा लिखा गया हो;

(घ) यदि बांड पर ब्याज दस वर्ष या अधिक समय से प्राप्त न किया गया हो;

(ङ) यदि बांड के पृष्ठ भाग में बने ब्याज के खानों को पूर्ण रूप से भर दिया गया हो अथवा यदि बांड ब्याज लेने के लिये बांड प्रस्तुत करने की तारीख को पीछे निर्धारित खाली खाने उन अर्ध वर्षों से, जिनके सम्बन्ध में ब्याज देय हो गया है, मेल न खाये;

(च) यदि ब्याज की अदायगी के लिये तीन बार अंकित किये जा चुके बांड को पुनः अंकित कराने के लिये प्रस्तुत किया गया हो; हो; तथा

(छ) यदि निर्गम कार्यालय की राय में, ब्याज की अदायगी के लिये बांड प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति का स्वामित्वाधिकार अनियमित अथवा पूर्णतः प्रमाणित न हो ।

(2) यदि किसी बांड के नवीकरण के लिये मांग उप विनियम (1) के अन्तर्गत की गई हो तो उस पर आगे किसी ब्याज की अदायगी के लिये तब तक मना कर दिया जायेगा जब तक कि इसे नवीकरण के लिये प्राप्त न कर लिया गया हो और वास्तव में नवीकरण न कर दिया गया हो ।

13. मृतक एक मात्र धारक के बांड के स्वामित्वाधिकार वाले व्यक्ति को मान्यता प्रदान की जायेगी :

(1) किसी बांड मृतक एकमात्र धारक के निष्पादक अथवा प्रशासक (चाहे वह हिन्दू, मुस्लिम, पारसी, अथवा अन्यथा हो) तथा बांड के सम्बन्ध में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का xxxix) के भाग x के अन्तर्गत जारी किये गये उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र के धारक ही केवल ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें बांड के किसी स्वामित्वाधिकार के सम्बन्ध में निर्गम कार्यालय द्वारा (निर्धारित अधिकारी के किसी सामान्य अथवा विशेष निर्देश के अधीन) मान्यता प्रदान की जायेगी) ।

(2) भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 (1872 का ix) की धारा 45 में निहित किसी बात के होते हुए भी, दो या अधिक धारकों को निर्गमित, बेचे गये अथवा देय हुए किसी बांड के मामले में उत्तरजीवी और अन्तिम उत्तरजीवी की मृत्यु पर उसके निष्पादक, प्रशासक अथवा ऐसे बांड के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र का धारक कोई व्यक्ति ही ऐसा व्यक्ति होगा जिसे बांड के किसी स्वामित्वाधिकार के सम्बन्ध में निर्गम

कार्यालय द्वारा (निर्धारित अधिकारी के किसी सामान्य अथवा विशेष निर्देश के अधीन) मान्यता प्रदान की जायेगी)।

(3) निगम कार्यालय ऐसे निष्पादकों या प्रशासकों को मान्यता प्रदान करने के लिये बाध्य नहीं होगा जब तक कि वे भारत के किसी सक्षम न्यायालय या कार्यालय, जिसका निगम कार्यालय के स्थान पर क्षेत्राधिकार हो, यथास्थिति प्रोबेट या प्रशासन पत्र अथवा अन्य विधेयक प्रतिदिन, प्राप्त नहीं कर लेंगे। परन्तु फिर भी ऐसे किसी मामले में जिसमें निर्धारित अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, क्षतिपूर्ति की अथवा अन्यथा शर्तों के अधीन उसके लिये प्रोबेट, प्रशासन पत्र अथवा अन्य विधिक प्रतिवेदन का प्राप्त न करना विधिमान्य होगा।

14. नवीकरण आदि के लिये पात्रता :

(1) निर्धारित प्राधिकारी के सामान्य अथवा विशेष निर्देशों के अधीन निगम कार्यालय, धारक के आवेदन पर अपने आदेश द्वारा—

(क) वचन पत्र या वचन पत्र के रूप में उसके द्वारा बांड या बांडों का वितरण किये जाने पर और उसके दावे के औचित्य के सम्बन्ध में निगम कार्यालय को आश्वस्त किये जाने पर वचन पत्र या वचन पत्रों का नवीकरण, उपविभाजन या समेकन कर सकता है बशर्ते कि वचन पत्र यथास्थिति प्रपत्र III, प्रपत्र IV या प्रपत्र V में प्राप्त किया गया हो, अथवा

(ख) वचन पत्र या वचन पत्रों को स्टाक प्रमाण पत्र या प्रमाण पत्रों में परिवर्तित कर सकता है बशर्ते कि वचन पत्र या वचन पत्रों को निम्नानुसार पृष्ठांकित किया गया हो:— "भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को अदा करें" या

(ग) स्टाक प्रमाण पत्र या स्टाक प्रमाण पत्रों का नवीकरण, उप विभाजन या समेकन कर सकता है बशर्ते कि स्टाक प्रमाण पत्र यथास्थिति प्रपत्र VI, प्रपत्र VII अथवा प्रपत्र VIII में प्राप्त किया गया हो; अथवा

(घ) स्टाक प्रमाण पत्र या स्टाक प्रमाणपत्रों को वचन पत्र या वचन पत्र में परिवर्तित कर सकता है बशर्ते कि स्टाक प्रमाण-पत्र प्रपत्र IX में प्राप्त किया गया हो; अथवा

(ङ) एक ऋण के बांडों को अन्य ऋणों के बांडों में परिवर्तित कर सकता है, बशर्ते कि—

(i) आन्तरिक ऋण परिवर्तन अनुमत्य हो, और

(ii) ऐसे परिवर्तन का संचालन करने वाली शर्तों का अनुपालन किया गया हो।

(2) निर्धारित अधिकारी के आदेशों के अनुसार निगम कार्यालय, उप विनियम (1) के अन्तर्गत किसी बांड के नवीकरण, उप विभाजन या समेकन के लिये आवेदक को, उसके द्वारा अनुमोदित एक या अधिक प्रतिभूतियों सहित प्रपत्र में बांड का निष्पादन करने के लिये करेगा।

15. स्वामित्वाधिकार सम्बन्धी विवाद के मामले में बांड का नवीकरण :

यदि किसी ऐसे बांड, जिसके नवीकरण के लिये आवेदन किया गया हो, के स्वामित्वाधिकार के संबंध में विवाद हो तो निर्धारित अधिकारी निम्नलिखित कार्यवाही कर सकता है—

(क) यदि विवाद में सम्मिलित किसी पार्टी ने सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय से निर्णय प्राप्त कर लिया हो जिसमें उसे ऐसे बांड का हकदार घोषित किया गया हो, तो वह उस पार्टी के पक्ष में नवीकृत बांड जारी कर सकता है, अथवा

(ख) बांड का नवीकरण करने से इन्कार कर सकता है जब तक कि ऐसा निर्णय प्राप्त न कर लिया गया हो।

स्पष्टीकरण :

इस उप-विनियम के प्रयोजन के लिए "अन्तिम निर्णय" शब्द का तात्पर्य ऐसे निर्णय से है जिस पर अपील नहीं की जा सकती अथवा जिस पर अपील तो की जा सकती हो लेकिन उसके विरुद्ध विधि द्वारा अनुमति दी गई सीमा अवधि के भीतर कोई अपील दायर न की गई हो।

16. नवीकृत बांड आदि के सम्बन्ध में देयता

यदि किसी व्यक्ति के पक्ष में विनियम 9 के अन्तर्गत बांड की दूसरी प्रति निर्गमित की गई हो अथवा नवीकृत बांड निर्गमित किया गया हो अथवा विनियम 14 के अन्तर्गत उप-विभाजन या समेकन किये जाने पर नया बांड निर्गमित किया गया हो तो इस प्रकार निर्गमित बांड द्वारा, निगम तथा ऐसे व्यक्ति और उसके माध्यम से उसके बाद स्वामित्वाधिकार प्राप्त करने वाले सभी व्यक्तियों के बीच एक नई संविदा का गठन समझा जाएगा।

17. उन्मोचन

निगम ऐसे बांड या बांडों के संबंध में सभी देयताओं से उन्मोचित हो जाएगा जो परिपक्वता अवधि पर अदा कर दिये गये हों अथवा जिसके स्थान पर दूसरी प्रति

नवीकृत, उप-विभाजित या समेकित बांड निर्गमित कर दिये गये हों :—

(क) अदायगी के मामले में, अदायगी देय होने की तारीख से छह वर्ष की समाप्ति के बाद;

(ख) बांड की दूसरी प्रति के मामले में, बांड की पहली बार उल्लेख किये जाने वाली सूची के विनियम 10 के अधीन प्रकाशन की तारीख से अथवा मूल बांड पर ब्याज की अदायगी की तारीख, जो भी तारीख बाद में हो, से छह वर्ष की समाप्ति के बाद;

(ग) नवीकृत बांड अथवा उप-विभाजन का समेकन किये जाने पर नया बांड निर्गमित किये जाने के मामले में, उसके निर्गम की तारीख से छह वर्ष की समाप्ति के बाद।

18. ब्याज के सम्बन्ध में उन्मोचन

बांड की शर्तों में अन्यथा सुनिश्चित की गई व्यवस्था के सिवाय कोई व्यक्ति उस बांड पर अदायगी के लिए देय राशि की मांग करने की सबसे पहली तारीख के बाद, किसी भी ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा जिसकी अवधि व्यपगत हो चुकी है ।

19. बांड का उन्मोचन

जब कोई बांड मूलधन की अदायगी के लिए देय हो जाता है तो उसे निगम के कार्यालय में अथवा बैंक के उस कार्यालय में जहां उस पर ब्याज देय हो अथवा निर्गम कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा तथा उसके पृष्ठ भाग पर धारक द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए जाएगें ।

20. बांडों से सम्बन्धित रिकार्ड का संरक्षण और विनाश :

(1) बांडों के संबंध में निगम या बैंक द्वारा रखे गये रिकार्डों के संरक्षण की अवधि, अनुसूची II के कालम में उप अनुसूची के कालम 3 में दर्शाए गए रिकार्ड के ब्योरे के सामने उल्लिखित है।

(2) निगम अथवा बैंक, अनुसूची II के कालम 3 में निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद किसी ऐसे रिकार्ड के विनाश के कारण होने वाली किसी हानि, क्षति अथवा दावे के लिये किसी प्रकार उत्तरदायी या जिम्मेदार नहीं होगा।

(3) रिकार्ड के संरक्षण की अवधि, रिकार्ड से संबंधित वर्ष से प्रत्येक अगले वर्ष पहली जुलाई से मानी जाएगी।

(4) निगम अथवा बैंक, प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के आरम्भ में; विनष्ट किये जाने वाले रिकार्ड की सूची तैयार करेगा।

(5) रिकार्डों का विनाश, निगम अथवा बैंक के किसी प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में आग लगाकर किया जाएगा।

अनुसूची ( )

प्रपत्र I

(विनियम 3 (3) देखें)

मैं/हम .....एतद्द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के .....प्रतिशत..... रुपये की राशि के बांड/इस दस्तावेज पर उल्लेख किये गए .....रुपये के भाग को .....— के भाग को .....के नाम, उनके निष्पादकों, प्रशासकों अथवा समनुदेशितों को प्रोद्भूत ब्याज सहित अपने/हमारे हित अथवा हिस्से को समनुदेशित और हस्तांतरित करता हूं/करते हैं और मैं/हम .....मुझे/हमें हस्तांतरित उक्त स्टाक प्रमाण पत्र को स्वत: स्वीकार करता हूं/करते हैं।

मैं/हम@ .....एतद् द्वारा निवेदन करता हूं/करते हैं कि मुझे/हमारे@ स्टाक प्रमाण पत्र (पत्रों)@ के धारक के रूप में पंजीकृत हो जाने पर मुझे/हमें हस्तांतरित किये गये उक्त स्टाक प्रमाण पत्र की सीमा तक हमें तथा हमारे नाम में बदले गये प्रमाण पत्र को मेरे/हमारे (नामों)@ में नवीकृत किया जाये।

**मैं/हम@.....एतद्द्वारा निवेदन करता हूं/करते हैं कि उक्त हस्तान्तरी/हस्तान्तरियों@ के स्टाक, प्रमाण पत्र के धारक के रूप में पंजीकृत हो जाने पर जिसे उसे/उन्हें@ एतद्द्वारा हस्तांतरित किया गया है, उसे/उन्हें@ हस्तांतरित न किये गये उक्त स्टाक प्रमाण पत्र की सीमा तक मेरे/हमारे@ नाम(नों) में नवीकृत किया जाए।

इसके साक्ष्य के रूप में .....
*की उपस्थिति में उपरिलिखित हस्तांतरक द्वारा ..... दिनांक को हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।

(हस्तांतरक).....
(पता) .....
(हस्तांतरी) .....
(पता) .....
.....

की उपस्थिति में उपरिलिखित हस्तांतरी द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

@जो भाग लागू न हो उसे काट दें।

**इस अनुच्छेद का प्रयोग तब किया जाय जब स्टाक प्रमाण पत्र को आंशिक रूप में हस्तांतरित किया जाना है।

*साक्षी के हस्ताक्षर व्यवसाय और पता।

प्रपत्र II

(विनियम 4 क (2) देखें)

स्टाक प्रमाण पत्र के रूप में निर्गमित बांड के नवीकरण के लिये पावती प्रपत्र

यहां इसके स्थान पर .....के पक्ष में .....रुपये के .....

प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड .....
.....का नवीकृत स्टाक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जिसका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देय है।

पंजीकृत धारक/..... (पंजीकृत धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

प्रपत्र III

(विनियम 14 (1) (क) देखें)

धारक पत्र के रूप में बांड के नवीकरण के लिये पृष्ठांकन प्रपत्र

इसके स्थान पर ..... (धारक का नाम) को देय नवीकृत वचन-पत्र प्राप्त किया जिसका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

धारक/..... (धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

प्रपत्र IV

[विनियम 14 (1) (क) देखें]

वचन-पत्र के रूप में बांड के उप-विभाजन के लिये पृष्ठांकन प्रपत्र

इसके स्थान पर .....
(धारक का नाम) को देय क्रमशः .....
रुपये के .....वचन-पत्र प्राप्त किए जिनका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

धारक/..... (धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

प्रपत्र V

[विनियम 14 (I) (क) देखें]

वचन-पत्रों के रूप में बांडों के समेकन के लिये पृष्ठांकन प्रपत्र

इसके स्थान पर .....संख्या के वचन-पत्र या वचन-पत्रों के साथ समेकन करके (इसके साथ समेकित किये जाने के लिये अपेक्षित अन्य वचन-पत्रों की संख्या तथा राशियों का उल्लेख करते हुए और निर्गम का विशेष उल्लेख करते हुए) .....
रुपये के लिये .....(धारक का नाम) को देय एक नया वचन-पत्र प्राप्त किया जिसका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

धारक/.....(धारक का नाम) के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

प्रपत्र VI

(विनियम 14 (1) (ग) देखें)

स्टाक प्रमाण-पत्र के नवीकरण के लिये पृष्ठांकन प्रपत्र

इसके स्थान पर .....के नाम में .....रुपये के .....
प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड .....का नवीकृत स्टाक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जिसका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

पंजीकृत धारक/.....(पंजीकृत धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

प्रपत्र VII

[विनियम 14(I) (ग) देखें]

स्टाक प्रमाण पत्र के उप विभाजन के लिये पृष्ठांकन प्रपत्र

इस स्टाक प्रमाण पत्र .....के स्थान पर ..... प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड .....
के क्रमशः .....रुपये के स्टाक प्रमाण पत्र प्राप्त किये जिनका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

पंजीकृत धारक/..... (पंजीकृत धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

प्रपत्र VIII

[विनियम 14 (I) (ग) देखें]

स्टाक प्रमाण पत्रों के समेकन के लिए पृष्ठांकन प्रपत्र

..... प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड .....के क्रमशः .....
रुपये के लिये .....स्टाक प्रमाण पत्रों के स्थान पर .....प्रतिशत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बांड .....के .....
रुपये का एक स्टाक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जिसका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

पंजीकृत धारक/ .....(पंजीकृत धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर।

प्रपत्र IX

[विनियम 14 (1) (घ) देखें]

स्टाक प्रमाण पत्रों के वचन पत्रों में संपरिवर्तन के लिए पृष्ठांकन

प्रमाण-पत्र

इस प्रमाण पत्र .....के स्थान पर प्रत्येक .....रुपये के वचन पत्र (.....) रुपये की बकाया राशि के नये स्टाक प्रमाण पत्र सहित) प्राप्त हुए जिनका ब्याज भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक .....द्वारा देय है।

पंजीकृत धारक/ .....(पंजीकृत धारक का नाम) के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

प्रपत्र X

[विनियम 14 (2) देखें]

(क) मूल आवेदक

यह सब को ज्ञात हो कि हम .....

.....

.....

सुपुत्र .....

निवासी .....

(और .....

सुपुत्र .....

निवासी .....

और .....

सुपुत्र .....

(ख) प्रतिभूतियां

निवासी ..... एतद्द्वारा स्वयं को तथा हम में से प्रत्येक को, हमारे और हम में से प्रत्येक के उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और प्रतिनिधियों तथा उन सबको संयुक्त रूप से और अलग-अलग, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 द्वारा गठित किये गये भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (यहां इसके बाद उक्त निगम कहा गया है) के प्रति उक्त निगम को, इसके कुछ अटार्नियों, उत्तराधिकारियों तथा समनुदेशितों को .....रुपये की राशि की अदायगी करने के लिये आबद्ध करते हैं। और मैं/हम में से प्रत्येक .....एतद्द्वारा उक्त निगम के साथ प्रतिज्ञा करता हूं/करते हैं कि यदि इस दायित्व अथवा यहां इसमें लिखी गई शर्त के संबंध में कोई भी मामला, दिल्ली के उच्च न्यायालय के न्यायाधिकार से निम्न किसी न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा, तो उसे, उक्त निगम अथवा भारतीय रिजर्व बैंक, दिल्ली के अनुरोध पर, चाहे उस मामले में कोई भी पार्टी क्यों न हो, उक्त उच्च न्यायालय द्वारा इसके असाधारण मूल सिविल क्षेत्राधिकार के अधीन वहां पर दर्ज, विचारार्थ और निर्णीत किया जायेगा जैसे कि मानों मामला दिल्ली में हुआ हो।

*यहां इसके बाद उल्लिखित अनेक विकल्पों में से एक, जो मामले पर लागू होता हो, तथा अन्य को काट दें।

उक्त .....ने

(क) निगम यहां बैंक को यहां दी गई अनुसूची में उल्लिखित उक्त निगम/बैंक द्वारा निर्गमित किये गये बांड (बांडों) के नवीकरण/समेकन/उप-विभाजन के लिये आवेदन किया है और उक्त निगम/बैंक ने, उक्त लिखित बांड को करने तथा निष्पादित करने वाले दो ठीक और पर्याप्त प्रतिभूतियों सहित उक्त (क) .....

(क) मूल आवेदक

के उक्त आवेदन को यहां निम्नलिखित शर्त के अधीन सहमति दे दी है तथा स्वीकार करने के लिये स्वीकृति दे दी है; और उक्त .....

के अनुरोध पर उपर्युक्त बाध्यकारी .....

*यदि दो प्रतिभू हों।

(क) मूल आवेदक

.....(और) .....

..... ने (क) के लिये प्रतिभूत (प्रतिभूतियां) बनने तथा उपयुक्त लिखित बांड निष्पादित करने में उक्त .....(क) का साथ देने के लिये स्वीकृति दे दी है।

उपरिलिखित बांड की शर्त यह होगी कि अभी उपर्युक्त बन्धकर्ता .....

(ख) मूल आवेदक और (क) प्रतिभू के नाम .....(ख) अथवा उनमें से प्रत्येक अथवा उनके उत्तराधिकारी, प्रशासक अथवा प्रतिनिधि अथवा उनमें से कोई या प्रत्येक समय-समय पर और इसके बाद हर समय उक्त निगम और उक्त भारतीय रिजर्व बैंक को किसी भी क्षतिपूर्ति के लिये दावा रहित, सुरक्षित, बचाकर रखेगा और यहां अनुसूची में उल्लेख किये गये उक्त निगम द्वारा जारी किये गये बांड/बांडों अथवा उन पर देय किसी भी ब्याज के संबंध में किन्हीं भी व्यक्तियों द्वारा किये गये दावों और मांग के संबंध में क्षतिपूर्ति करता रहेगा और उक्त बांड/बांडों के संबंध में अन्य व्यक्तियों अथवा उनके नवीकरण अथवा उन पर देय किसी भी ब्याज की अदायगी से और सभी प्रकार के नुकसान, हानियों, लागतों प्रभारों, और व्यय, जो कि उक्त निगम अथवा उक्त भारतीय रिजर्व बैंक को उठाना पड़े, करना पड़े या देनी पड़े अथवा किसी भी दावे अथवा मांग अथवा उक्त बांड/बांडों के नवीकरण के रूप में निगम अथवा उक्त बांड/बांडों पर देय किसी भी ब्याज की अदायगी अथवा बांडों के नवीकरण

से हुई हो, से मुक्त रखता रहेगा तो यह बांड शून्य हो जाएगा अन्यथा यह पूर्णतः प्रकृत और लागू रहेगा।

..... की ओर

..... की उपस्थिति

में .....द्वारा हस्ताक्षर किये गये और परिदान किया गया।

तारीख :

इसमें उल्लिखित अनुसूची

बांड की प्रकृति और विवरण	संख्या	निर्गम तारीख	राशि

अनुसूची II

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के बांडों और उनकी संरक्षण अवधि से संबंधित रिकार्ड

कालम सं० I क्रम सं०	कालम सं० II रिकार्ड का ब्यौरा	कालम सं० III संरक्षण अवधि
1.	रद्द किये गये औ०वि० नि० बांड	रद्द किये जाने के वर्ष से 10 वर्ष बाद
2.	जांच रजिस्टर	स्थायी
3.	कार्ड	10 वर्ष
4.	दैनिक पुस्तकें	10 वर्ष
5.	दैनिक रजिस्टर	10 वर्ष
6.	मूल्यांकन निरसन रजिस्टर	10 वर्ष
7.	सामान्य खाता	10 वर्ष
8.	सरकारी बचत-पत्र खाता	10 वर्ष
9.	ब्याज ड्राफ्ट रजिस्टर	10 वर्ष (ब्याज के जांच रजिस्टर में अदत्त ड्राफ्टों को बोट करने के बाद)
10.	ऋण करार सत्यापन विवरण	10 वर्ष
11.	निर्गम रजिस्टर	स्थायी
12.	औ०वि०नि० बांड आवेदन रजिस्टर	स्थायी
13.	दलाली रजिस्टर	ऋण राशि के करार से 10 वर्ष
14.	प्रदत्त औ०वि०नि० ब्याज वारंट	6 वर्ष
15.	नवीकरण आदि शुल्क का रजिस्टर	10 वर्ष
16.	निरसन प्रतिभूति रजिस्टर	10 वर्ष
17.	सार्वजनिक ऋण कार्यालयों में और से ऋणों का अन्तरण का रजिस्टर	10 वर्ष
18.	पुनर्भुगतान रजिस्टर	उस तारीख से 10 वर्ष जिसको ऋण राजस्व में जमा किया गया हो।
19.	स्टाक निर्गम रजिस्टर	स्थायी
20.	स्टाक ब्याज ड्राफ्ट रजिस्टर	10 वर्ष
21.	स्टाक निरसन रजिस्टर	10 वर्ष
22.	स्टाक खाता	10 वर्ष
23.	अवरुद्ध सूची	स्थायी
24.	रूपरेखा प्रपत्र रजिस्टर	3 वर्ष
25.	सार्वजनिक ऋण कार्यालयों से विशेष निरसन तथा पुनः संख्या सूचनायें	10 वर्ष
26.	सेफ अकाउन्ट बार्डर फार्म रजिस्टर	3 वर्ष
27.	सुरक्षित अभिरक्षा में रखे गये प्रमाण पत्रों के संबंध में सूचक कार्ड	निरसन की तारीख से 10 वर्ष
28.	खाता अनुभाग को भेजे गये वाउचरों की प्रविष्टि की सामान्य पंजिका	2 वर्ष
29.	विस्तृत शीट रजिस्टर	3 वर्ष
30.	दस्तावेज रजिस्टर	स्थायी
31.	साधारण नेमी पत्रों की फाईल	3 वर्ष
32.	केन्द्रीय कार्यालय अनुदेशों की फाईल	स्थायी
33.	उत्तराधिकार तथा मिताक्षरा प्रमाण पत्रों की फाइल	10 वर्ष
34.	भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालयों से साधारण पत्रों की फाईल	10 वर्ष
35.	जनता से महत्वपूर्ण पत्रों की फाईल	10 वर्ष
36.	विवादग्रस्त दावों के मामलों की फाइल	स्थायी
37.	पूर्ण रूप से खोए गए बांड के मामलों की फाइलें	दूसरी प्रति के जारी होने के बाद 10 वर्ष
38.	खोई हुई रसीदों संबंधी फाईल	दावेदार को प्रतिभूतियां सौंपने की तारीख के बाद 6 वर्ष।
39.	तृतीय प्रति फाइलें	3 वर्ष
40.	नई ऋण दलाली और वचनबद्धता फाइलें तथा प्राप्तकार्ता कार्यालय से आंकड़े	ऋण राशि के करार से 10 वर्ष
41.	निरीक्षण रिपोर्टों की फाइलें	स्थायी
42.	प्रबन्धक के आदेशों की फाइलें	स्थायी

कालम सं० I क्रम सं०	कालम सं० II रिकार्ड का ब्योरा	कालम सं० III संरक्षण अवधि
43.	खोए गए औ०वि०नि० बांडों की दूसरी प्रति के निर्गम के लिये मांग सूचियों की फाइलें	10 वर्ष
44.	ब्याज अनुसूची फाइलें	10 वर्ष
45.	विशेष निरसन रजिस्टर	10 वर्ष
46.	उन्मोचित प्रतिपत्रक	3 वर्ष
47.	ऋण संतुलन रजिस्टर	5 वर्ष
48.	प्रदत्त औ०वि०नि० ब्याज वारंटों का सूचक रजिस्टर	10 वर्ष
49.	जारी की गई विशेष निरसन सूचियों का सूचक रजिस्टर	10 वर्ष
50.	भेजी गई सूचना को पुनः संख्यांकित करने का सूचक रजिस्टर	10 वर्ष
51.	जारी किये गये ड्राफ्टों आवंटित की गई संख्याओं की पंजिका	10 वर्ष
52.	वर्ष के दौरान रद्द किये गये बांडों की सूची	स्थायी
53.	सार्वजनिक ऋण कार्यालय की की पुस्तकों के माध्यम से पारित लेन-देन का सारांश	3 वर्ष
54.	रद्द की गई प्रतिभूतियों का सूचक रजिस्टर	10 वर्ष
55.	स्टाक कार्ड रजिस्टर	10 वर्ष
56.	प्रोद्भूत स्टाम्प शुल्क राशि रजिस्टर	स्थायी

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

[औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) के अधीन निगमित]

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) की धारा 43 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड ने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के पूर्व अनुमोदन से एतद् द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाए हैं, अर्थात् :—

संक्षिप्त शीर्षक :

1. इन विनियमों को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 कहा जाएगा।

परिभाषा :

2. इन विनियमों में विषय अथवा संदर्भ के प्रतिकूल यदि कुछ न हो तो :—

(क) "अधिनियम" का अभिप्राय औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) है;

(ख) "विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्था" का अभिप्राय अधिनियम की धारा 26 की उप धारा (2) के परन्तुक के अधीन आने वाली औद्योगिक संस्था से भिन्न औद्योगिक संस्था है जिसमें निगम का कोई संचालक, स्वामी, भागीदार, निदेशक, प्रबंधक, एजेंट अथवा गारंटीकर्ता हो अथवा जिसमें निगम के एक या अधिक संचालकों का एक ही साथ पर्याप्त हित हो जैसा कि उक्त उप-धारा के स्पष्टीकरण में परिभाषित किया गया है।

(ग) इन विनियमों में प्रयुक्त लेकिन परिभाषित न की गई तथा अधिनियम में प्रयुक्त अन्य अभि-व्यक्तियों के अभिप्राय, अधिनियम, के प्रयोजन के लिये निर्धारित क्रमानुसार अभिप्राय से है।

विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ संव्यवहार

3. किसी विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्था के साथ कारोबार, अधिनियम द्वारा निर्धारित शर्तों और परिसीमाओं के अति-रिक्त निम्नलिखित शर्तों तथा परिसीमाओं के अनुसार किया जायेगा, अर्थात् :—

(क) सहायता केवल बोर्ड द्वारा ही मंजूर की जायेगी।

(ख) किसी विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्था को मंजूर की गई किसी भी सहायता की सूचना केन्द्रीय सरकार और विकास बैंक को दी जायेगी तथा उस सहायता के मंजूर किये जाने की अवधि के दौरान निगम की वार्षिक रिपोर्ट में उसका उल्लेख किया जायेगा।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

[औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) के अधीन निगमित]

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सामान्य विनियम, 1982

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 43 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निदेशक बोर्ड ने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाए हैं :

अध्याय-I

परिचयात्मक

1. संक्षिप्त शीर्षक : इन विनियमों को "भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सामान्य विनियम, 1982" कहा जाएगा।

2. परिभाषाएं : इन विनियमों में विषय अथवा सन्दर्भ के प्रतिकूल यदि कुछ न हो तो :—

(क) "अधिनियम" का अभिप्राय औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का XV) से है;

(ख) "सदस्य" का अभिप्राय सलाहकार समिति के सदस्य अथवा निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा गठित किसी अन्य समिति के सदस्य से है;

(ग) इन विनियमों में प्रयुक्त की गई अन्य अभिव्यक्तियों का, जिन्हें इसमें परिभाषित नहीं किया गया है और जो अधिनियम में प्रयुक्त की गई हैं, क्रमशः वही अर्थ है जो अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उन्हें दिया गया है।

अध्याय-II

निगम के शेयर

3. शेयर चल सम्पत्ति : निगम के शेयर चल सम्पत्ति होंगे।

4. निगम के शेयरधारी : (i) निगम के शेयरधारी विकास बैंक, अनुसूचित बैंक, बीमा कम्पनियां, निवेश न्यास और इसी प्रकार के अन्य वित्तीय संस्थान तथा सहकारी बैंक होंगे।

(ii) अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3) और (7) तथा धारा 4क की उपधारा (2) के आशय के अन्तर्गत कोई कम्पनी, निगम या संस्था निवेश न्यास है या इसी प्रकार का अन्य वित्तीय संस्थान है, इस सम्बन्ध में किसी भी प्रश्न पर बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

5. शेयरों के आबंटन की शर्तें : (i) अधिनियम और इन विनियमों के प्रावधान के अनुसार शेयरों का आबंटन बोर्ड के नियंत्रण के अधीन होगा।

(ii) शेयरों का प्रथम आबंटन अधिनियम की धारा 4 के प्रावधान के अनुसार किया जाएगा और अनुवर्ती आबंटन, अधिनियम की धारा 4क के अनुसार किए जायेंगे।

(iii) बोर्ड, सम्बन्धित शेयरधारियों के वर्ग से आवेदकों की संख्या के आधार पर पूर्ण अथवा आंशिक शेयरों के लिए आवेदकों को उक्त प्रथम आबंटन कर सकता है। कम संख्या में शेयरों के आवेदनों के सम्बन्ध में जहां तक व्यवहार्य हो, बोर्ड पूरा आबंटन करेगा, ताकि उस श्रेणी के शेयरधारियों की संख्या, जितनी भी अधिक सम्भव हो, हो सके।

(iv) जब कभी भी अधिनियम की धारा 4(1ख) के प्रावधान के अनसार पूंजी बढ़ा दी जाती है, तो इस प्रकार बढ़ाई गई पूंजी के द्योतक शेयर, अधिनियम की धारा 4क(2) में दिए गए तरीके के अनुसार बोर्ड द्वारा आबंटित किए जाएंगे।

(v) इस सम्बन्ध में बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा कि शेयरों के सम्बन्धित आवेदन पर पूरा या आंशिक आबंटन किया जाए अथवा कोई आबंटन न किया जाए।

6. शेयर रजिस्टर : निगम अपने प्रधान कार्यालय में शेयरधारियों को पंजीकृत करने के लिए एक रजिस्टर रखेगा और उसमें निम्नलिखित विवरण दर्ज करेगा :

(क) प्रत्येक शेयरधारी का नाम और पता जहां उसके कारोबार का मुख्य स्थान है;

(ख) अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) और (3) में विनिर्दिष्ट श्रेणियां, जिनसे शेयरधारी सम्बन्धित हों;

(ग) प्रत्येक संस्थान या बैंक को शेयरधारी के रूप में दर्ज किए जाने की तारीख, किस तरीके से उसने अपना शेयर प्राप्त किया और शेयरों के प्रथम आबंटन के मामले को छोड़कर पिछले शेयरधारी का नाम।

(घ) किसी संस्थान या बैंक के शेयरधारी न रहने की तारीख और जिस संस्थान या बैंक को शेयर हस्तांतरित किया गया, उसका नाम।

स्पष्टीकरण :—

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 4(7) के अधीन रिज़र्व बैंक को हस्तान्तरित किए गए शेयरों के मामले में सम्बन्धित शेयरधारी द्वारा गिरवी रखे गए/हस्तान्तरित किए गए शेयरों के सम्बन्ध में शेयर रजिस्टर में उपयुक्त स्थान पर अलग टिप्पणी लिखी जाएगी।

7. संयुक्त शेयरधारिता अनुमत्य नहीं : शेयरों की संयुक्त धारिता को निगम मान्यता प्रदान नहीं करेगा।

8. शेयर रजिस्टर का निरीक्षण : (i) विनियम 6 द्वारा निर्धारित शेयर रजिस्टर का, सिवाय उस स्थिति के जब यदि इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन उसे बन्द कर दिया गया हो, कार्यालय समय के दौरान निगम के प्रधान कार्यालय में किसी भी शेयरधारी द्वारा निःशुल्क निरीक्षण किया जा सकता है, लेकिन यह निगम की पूर्व सूचना तथा निगम द्वारा लागू किए जाने वाले उचित प्रतिबन्धों के अधीन होगा ताकि निरीक्षण के लिए प्रतिदिन दो घंटे से कम समय न दिया जाए।

(ii) शेयरधारी को ऐसे किसी रजिस्टर की किसी प्रविष्टि की नकल करने का अधिकार नहीं होगा लेकिन, सिवाय इसके कि जब रजिस्टर बन्द कर दिया गया हो, वह नकल किए जाने वाले प्रत्येक सौ शब्दों के लिए अथवा उसके किसी अंश के लिए पांच रुपए की दर से उसके लिए पूर्व अदायगी करके ऐसे किसी रजिस्टर अथवा उसके किसी भाग की प्रति मांग सकता है।

9. शेयर रजिस्टर को बन्द करना : विज्ञापन द्वारा सूचना देकर बोर्ड उस अवधि के लिए शेयर रजिस्टर बन्द

कर सकता है (एक बार में छः सप्ताह से अधिक नहीं) जो उसके विचारानुसार आवश्यक हो ।

10. शेयर प्रमाणपत्र : (i) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र निगम की कॉमन सील के अधीन जारी किया जाएगा ।

(ii) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र में संख्या विनिर्दिष्ट होगी और जिस शेयर के सम्बन्ध में यह जारी किया गया है उस शेयर की संख्याएं निर्दिष्ट की जाएंगी ।

11. प्रत्येक शेयरधारी एक शेयर प्रमाणपत्र निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार है :—

(i) विकास बैंक उसके नाम पंजीकृत सभी शेयरों के लिए उसके नाम एक शेयर प्रमाणपत्र निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार होगा ।

(ii) विकास बैंक से भिन्न, प्रत्येक शेयरधारी उसके नाम पंजीकृत प्रत्येक 5 शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार होगा । यदि कोई शेयरधारी अपने प्रत्येक 5 शेयरों के लिए एक से अधिक प्रमाणपत्र चाहता हो, तो प्रत्येक अतिरिक्त प्रमाणपत्र के लिए निगम को 5/- रुपए की राशि अदा करनी होगी । 5 शेयरों से कम का शेयरधारी एक शेयर प्रमाणपत्र निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार होगा और यदि उसे एक से अधिक शेयर प्रमाणपत्र चाहिए तो वह प्रत्येक अतिरिक्त प्रमाणपत्र के लिए 5/- रुपए की राशि अदा करेगा ।

12. शेयर प्रमाणपत्र का नवीकरण : यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र फट जाए, खराब हो जाए, खो जाए या नष्ट हो जाए तो 5/- रुपये के शुल्क की अदायगी और अध्यक्ष द्वारा उचित समझे गए निबन्धनों और शर्तों को पूरा करने पर और साक्ष्य-जांच, यदि कोई हो, में निगम द्वारा किए गए वास्तविक व्यय की अदायगी करने पर इसका नवीकरण किया जा सकता है ।

13. शेयरों का हस्तान्तरण : (i) अधिनियम और इन विनियमों में उल्लिखित शर्तों के अधीन शेयर हस्तान्तरणीय होंगे, लेकिन प्रत्येक हस्तांतरण निम्नलिखित फार्म में लिखित रूप में होना चाहिए और यह सम्बन्धित शेयरधारी की ओर से विधिवत् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जाना चाहिए :—

> ग... घ.....(नाम और पता) द्वारा, जिसे इसमें आगे हस्तान्तरिती कहा गया है, हमें दी गई .....रुपए की राशि के प्रतिफल के रूप में हम क.....ख..... .....(नाम और पता) हस्तान्तरिती को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयर संख्या ..... हस्तान्तरित करते हैं, हस्तान्तरिती और उनके समनुदेशितियों का उन पर स्वामित्व उन्हीं शर्तों के अधीन होगा, जिनके अधीन उनको खरीदने के समय हमारा उन पर स्वामित्व था और हम हस्तान्तरिती उक्त शर्तों के अधीन उक्त शेयर (अथवा शेयरों को) लेने के लिए सहमत हैं, और हम हस्तान्तरिती अनुरोध करते हैं कि उक्त शेयर (या शयरों) के लिए निगम के रजिस्टरों में हमें पंजीकृत किया जाए ।
>
> साक्षी के रूप में तारीख.....को हस्ताक्षर किए गए ।
>
> हस्तान्तरक .....
>
> (पता)
>
> साक्षी
>
> हस्तान्तरिती .....
>
> (पता)
>
> साक्षी

(ii) किसी भी शेयर के हस्तान्तरण की लिखत निगम को प्रस्तुत की जाएगी जिस पर हस्तान्तरक और हस्तान्तरिती, दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षर किए जाएंगे और जब तक रजिस्टर में हस्तान्तरिती का नाम दर्ज न हो जाए, तब तक हस्तांतरक को ही ऐसे शेयर का धारक माना जाएगा । ऐसे हस्तांतरण के प्रत्येक हस्ताक्षर को एक साक्षी द्वारा जो अपना पता और व्यवसाय बताते हुए हस्ताक्षर करेगा, विधिवत् रूप से साक्ष्यांकित किया जाएगा ।

14. हस्तान्तरण को मान्यता देने से इनकार करने की शक्ति : बोर्ड शेयरों के हस्तान्तरण करने से इनकार कर सकता है जब तक कि उसके साथ सम्बन्धित शेयरों का प्रमाणपत्र और अधिनियम तथा इन विनियमों की शर्तों के अनुसार शेयरों के हस्तान्तरणों के लिए हस्तान्तरक के अधिकार तथा हस्तांतरिती के शेयरधारी बनने की पात्रता के सम्बन्ध में ऐसा कोई अन्य सबूत न हो, जिसकी बोर्ड द्वारा अपने आप को आश्वस्त करने के लिए मांग की गयी हो ।

15. शेयरों पर निगम का पुनर्ग्रहणाधिकार : अधिनियम की धारा 4(7) के अनुसार प्रत्येक शेयरधारी के नाम पंजीकृत किए गए या भारतीय रिज़र्व बैंक को हस्तान्तरित किए गए सभी शेयरों पर प्रत्येक शेयरधारी को अकेले अथवा किसी अन्य व्यक्ति के साथ निगम के साथ उसके ऋण, देयता और वचनबद्धता के लिए शेयरों की विक्रय राशि पर निगम का पहला तथा प्रमुख पुनर्ग्रहणाधिकार होगा, भले ही उसकी अदायगी, पूरा किए जाने अथवा भुगतान की अवधि वास्तविक रूप से पूरी हो चुकी हो अथवा नहीं और ऐसे शेयरों के सम्बन्ध में समय-समय पर घोषित किए गए सभी लाभांश पर भी ऐसा पुनर्ग्रहणाधिकार रहेगा, यदि ऐसे शेयरों पर निगम का कोई पुनर्ग्रहणाधिकार हो तो जब तक कि अन्यथा सहमति न हो गई हो, शेयरों के हस्तान्तरण का पंजीकरण निगम के पुनर्ग्रहणाधिकार, यदि कोई हो, के अधित्याग के रूप में लागू रहेगा ।

16. निरर्हित शेयरधारी : (i) शेयरधारी के रूप में पंजीकृत किसी संस्थान या बैंक की यह ड्यूटी होगी कि

अधिनियम के अधीन शेयरधारी के रूप में पंजीकृत रहने की अर्हता समाप्त होने पर निगम को तुरन्त उसकी सूचना दे।

(ii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या शेयरधारी के रूप में इस तरह से पंजीकृत कोई संस्थान या बैंक अर्हता खो चुका है, बोर्ड किसी भी समय ऐसी जांच करवा सकता है, जिसे वह आवश्यक समझे और इस बात से सन्तुष्ट हो जाने पर कि ऐसा संस्थान या बैंक वह अर्हता खो चुका है, बोर्ड उसे सूचित करेगा कि वह निगम का शेयरधारी रहने का हकदार नहीं है। ऐसा संस्थान या बैंक न तो ऐसे किसी शेयर पर आगे किसी लाभांश की अदायगी प्राप्त करने का हकदार होगा, और न ही ऐसे शेयर के विक्रय के प्रयोजन के सिवाय वह शेयरधारी के किसी अधिकार का प्रयोग कर सकेगा और निगम रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि करेगा।

(iii) यदि बोर्ड को यह प्रतीत हो कि निगम शेयरधारी के लिए अर्हता न रखने वाले किसी संस्थान या बैंक को भूल से अथवा अन्यथा निगम का शेयरधारी पंजीकृत किया गया है, तो वह शेयरधारी को सूचित करेगा कि वह न तो किसी शेयर पर लाभांश की अदायगी प्राप्त करने का हकदार होगा और ऐसे शेयर के विक्रय के प्रयोजन को छोड़कर, न ही वह शेयरधारी के किसी अधिकार का प्रयोग कर सकेगा। कोई संस्थान या बैंक शेयरधारी के रूप में अर्हता प्राप्त है अथवा नहीं, इस सम्बन्ध में इस विनियम के अधीन बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

अध्याय—III

शेयरधारियों की बैठकें

17. वार्षिक महासभा : निगम की वार्षिक महासभा दिल्ली में अथवा भारत के अन्य उस स्थान पर होगी, जहां निगम का कार्यालय हो। प्रत्येक वार्षिक महासभा निगम का लेखा बन्द किए जाने की तारीख से चार महीने के अन्दर आयोजित की जाएगी।

18. विशेष महासभाएं : बोर्ड विनिर्दिष्ट कारोबार का संव्यवहार करने के लिए इसके द्वारा निर्धारित किए समय और स्थान पर किसी वर्ग विशेष और/अथवा श्रेणी के शेयरधारियों की विशेष महासभा, जब कभी आवश्यक समझी जाए; आयोजित कर सकता है।

19. महासभा आयोजित करने की सूचना : महासभा आयोजित किए जाने की सूचना पर निगम के अध्यक्ष अथवा कार्यपालक निदेशक अथवा महाप्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षर किए जायेंगे और उसे ऐसी बैठक से कम से कम 30 दिन पहले, भारत के राजपत्र में ऐसे ढंग से प्रकाशित किया जाएगा, जैसा बोर्ड निदेश दे।

20. महासभाओं में की जाने वाली कार्यवाही : (i) वार्षिक महासभा में निम्नलिखित कार्यवाही की जाएगी :—

(क) 30 जून को समाप्त हुए वर्ष के निगम के तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखे पर, वर्ष के दौरान निगम के कार्य संचालन के सम्बन्ध में बोर्ड की रिपोर्ट तथा उक्त तुलन-पत्र और लेखे के सम्बन्ध में लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित विचार;

(ख) अधिनियम के अधीन निदेशकों का चुनाव, यदि कोई हो।

(ग) अधिनियम की धारा 34 के अधीन एक लेखा परीक्षक का चुनाव।

अध्यक्ष की सहमति के सिवाय और जब तक कि ऐसी बैठक में मतदान करने की अर्हता प्राप्त कम से कम दस शेयरधारियों ने निगम को, उस बैठक के आयोजन की सूचना में शामिल किए जाने के लिए बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रारूप संकल्प सहित, पांच सप्ताह पूर्व सूचना न दे दी हो, किसी विशेष महासभा में कोई अन्य कारोबार नहीं किया जाएगा अथवा उस पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

(ii) अध्यक्ष की सहमति के बिना, किसी विशेष महासभा में, उस कार्रवाई के सिवाय जिसके लिए बैठक आयोजित की गई है, कोई अन्य कार्रवाई अथवा चर्चा नहीं की जाएगी।

21. महासभा में कोरम : यदि शेयरधारियों की बैठक में मतदान के हकदार $\frac{1}{3}$ शेयरधारियों या 5 शेयरधारियों, जो भी कम हो, का कोरम विधिवत् रूप से प्राधिकृत उनके प्रतिनिधियों अथवा प्राक्सी द्वारा, बैठक की कार्रवाई शुरू होने पर, पूरा न हो, तो ऐसी किसी भी बैठक में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, चाहे वह वार्षिक महासभा हो अथवा अन्य कोई महासभा और यदि बैठक के नियत समय से 15 मिनट के अन्दर कोरम पूरा न हो, तो अध्यक्ष बैठक भंग कर सकता है अथवा बैठक आगामी सप्ताह में उसी दिन, उसी समय और उसी स्थान पर किए जाने के लिए अथवा किसी अन्य दिन, अध्यक्ष द्वारा यथा निर्धारित किसी अन्य समय और स्थान पर किए जाने के लिए स्थगित कर सकता है। यदि ऐसी स्थगित बैठक में कोरम पूरा न हो, तो कोरम उपस्थित शेयरधारियों से पूरा होगा, बशर्ते कि कोई वार्षिक महासभा 30 जून के बाद 4 महीने के बाद की तारीख तक स्थगित नहीं की जाएगी और यदि स्थगन से ऐसा हो तो वार्षिक महासभा स्थगित नहीं की जाएगी, बल्कि बैठक की कार्रवाई बैठक के नियत समय से एक घन्टा बाद शुरू होगी और उपस्थित शेयरधारी कोरम पूरा करेंगे।

22. महासभा का अध्यक्ष : (i) बोर्ड का अध्यक्ष अथवा उसकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष की ओर से लिखित में प्राधिकृत अथवा निदेशक बोर्ड द्वारा नामित निदेशक, महासभाओं का अध्यक्ष होगा और ऐसा प्राधिकार न होने पर शेयरधारी, बैठक में उपस्थित किसी अन्य निदेशक को बैठक का अध्यक्ष चुन सकते हैं।

(ii) सभी महासभाओं में अध्यक्ष कार्यविधि को विनियमित करेगा और उसे विशेष रूप से पूरा अधिकार होगा कि वह बैठक में शेयरधारियों के बोलने का क्रम निर्धारित करे, भाषणों की समय-सीमा का निर्धारण करे और जब उसकी राय में किसी मामले पर पर्याप्त चर्चा हो चुकी हो तो उस मद पर चर्चा समाप्त कराए और बैठक को स्थगित करे।

23. महासभाओं में मतदान : (i) किसी महासभा में, बैठक के मत विभाजन के लिए प्रस्तुत किए गए संकल्प पर निर्णय, जब तक निम्नलिखित अनुसार मत विभाजन की मांग न की गई हो, हाथ उठा कर किया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष द्वारा की गई घोषणा कि किसी संकल्प को हाथ उठाकर सर्वसम्मति से या स्पष्ट बहुमत से पारित अथवा अस्वीकार किया गया है अन्तिम मानी जाएगी और निगम की कार्यवृत्त-पुस्तिका में, इस आशय की प्रविष्टि, उक्त संकल्प के पक्ष अथवा विपक्ष में पड़े मतों की संख्या अथवा अनुपात का प्रमाण न होते हुए भी इस तथ्य का पर्याप्त प्रमाण होगी।

किसी प्रस्ताव पर मत लिए जाने अथवा हाथ उठाकर लिए गए मतदान का परिणाम घोषित किए जाने से तत्काल पूर्व निम्नलिखित अनुसार मत विभाजन की मांग की जा सकती है :—

(क) प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्राक्सी के माध्यम से उपस्थित और संकल्प के सम्बन्ध में मत देने का अधिकार रखने वाले कम से कम 5 शेयरधारी, अथवा

(ख) प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्रोक्सी के माध्यम से उपस्थित कोई शेयरधारी अथवा शेयरधारियों, जिनके मतों की संख्या इस संकल्प के सम्बन्ध में कुल मत-शक्ति का कम से कम एकदशांश हो।

परन्तु मतदान की मांग उन शेयरधारियों द्वारा किसी भी समय वापस ली जा सकती है जिन्होंने मत दान की मांग की थी।

स्पष्टीकरण : (i) निगम से सम्बन्धित किसी मामले में कुल मत शक्ति से अभिप्राय निगम की सभा में मतदान में उस मामले पर दिए जाने वाले मतों की कुल संख्या से है, यदि सभी सदस्य और ऐसे अन्य सभी व्यक्ति, यदि कोई हों, जिन्हें उस मामले में मत देने का अधिकार है, सभा में उपस्थित हों और मतदान करें।

(ii) यदि मतदान की मांग की गई हो, तो मतदान तुरन्त अथवा उस समय और उस स्थान पर कराया जाएगा जैसा कि अध्यक्ष निदेश दे तथा यह गुप्त मतदान द्वारा किया जाएगा, और मतदान का परिणाम उस बैठक का निर्णय माना जाएगा, जिसमें मतदान की मांग की गयी थी। ऐसे मतदान में मतदान के लिए हकदार शेयरधारी द्वारा या तो प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अथवा प्राक्सी द्वारा मतदान किया जाएगा।

(iii) मतदान के लिए किसी व्यक्ति की अर्हता और मतदान में कोई व्यक्ति कितने मत देने के लिए सक्षम है, इस सम्बन्ध में सभा के अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम होगा।

24. महासभाओं का कार्यवृत्त : (i) निगम महासभाओं की सभी कार्यवाहियों के कार्यवृत्त इस प्रयोजन के लिए रखी गई पुस्तकों में रिकार्ड करेगा।

(ii) ऐसे किसी भी कार्यवृत्त पर, उस सभा के अध्यक्ष द्वारा जिसमें कार्यवाही हुई हो अथवा उससे अगली सभा के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए जायेंगे और ये उसमें रिकार्ड की गई ऐसी कार्यवाही का प्रमाण होंगे।

(iii) यदि किसी महासभा की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त इस प्रावधान के अनुसार रखे गए हैं, तो ऐसी प्रत्येक महासभा जिसकी कार्यवाही का कार्यवृत्त इस तरह रिकार्ड कर लिया गया हो, विधिवत् रूप से बुलाई गई और आयोजित की गई मानी जाएगी और उसमें की गई प्रत्येक कार्यवाही विधिवत् रूप से हुई मानी जाएगी।

अध्याय– IV

मतदान

25. मतदान के लिए हकदार शेयरधारी और उनके मताधिकार : (i) ऐसा प्रत्येक शेयरधारी जो महासभा की तारीख से कम से कम छः महीने पहले से शेयरधारी के रूप में पंजीकृत किया गया है, वह ऐसी सभा में प्रत्येक एक शेयर के लिए एक वोट दे सकेगा, किन्तु महासभा की तारीख से कम से कम छः महीने पहले से शेयरधारी के रूप में पंजीकृत होने की शर्त विकास बैंक पर लागू नहीं होगी।

(ii) ऊपर बताए गए अनुसार मतदान के लिए हकदार प्रत्येक शेयरधारी का, जो प्राक्सी द्वारा अथवा विधिवत् रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हाथ उठाकर मत व्यक्त करते समय एक वोट होगा और मत विभाजन होने पर उसके प्रत्येक शेयर के लिए उसका एक वोट होगा। मतों द्वारा चुनाव किए जाने की स्थिति में मतपत्र, क और ख अनुसूचियों में दिए गए प्रपत्रों के अनुसार तैयार किए जायेंगे।

26. विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान :

(i) निगमित निकाय के नाते कोई भी शेयरधारी, अपने निदेशक बोर्ड या कार्यकारी समिति या प्रबन्ध समिति के संकल्प द्वारा अथवा तत्समय के लिए बोर्ड अथवा कार्यकारी समिति या प्रबन्ध समिति की शक्तियों का प्रयोग करने वाले व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में अपने किसी/किन्हीं अधिकारियों अथवा किसी व्यक्ति को निगम की किसी महासभा में अपने प्रतिनिधि के रूप में प्राधिकृत कर सकता है, और इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति, उस शेयरधारी की ओर से

जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है, उन्हीं शक्तियों को प्रयोग करने के लिए हकदार होगा, मानो वह निगम का शेयरधारी है। इस प्रकार दिया गया प्राधिकार विकल्पतः दो या अधिक प्रतिनिधियों के पक्ष में हो सकता है। इस खण्ड के अधीन दिए गए प्राधिकार के अनुसार कार्य करने वाला व्यक्ति प्राक्सी नहीं माना जाएगा। इस विनियम के अधीन नियुक्त प्रतिनिधि को इन विनियमों में "विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि" माना जाएगा।

(ii) जब तक किसी व्यक्ति को विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किए जाने के संकल्प की प्रति जिस बैठक में उसे पारित किया गया हो, उसके अध्यक्ष द्वारा सही प्रतिलिपि के रूप में साक्ष्यांकित न की गई हो और उसे बैठक की नियत तारीख से स्पष्ट रूप से कम से कम 4 दिन पहले निगम के प्रधान कार्यालय में जमा न करा दिया गया हो तब तक ऐसा कोई व्यक्ति निगम की किसी बैठक में उसके विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में शामिल नहीं हो सकता। उक्त संकल्प की साक्ष्यांकित प्रतिलिपि जमा कराने के बाद विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति उस बैठक के लिए अप्रतिसंहरणीय होगी, जिसके सम्बन्ध में उसे किया गया है, और उसी शेयरधारी के लिए पहले जमा की गई कोई भी प्राक्सी रद्द हो जाएगी।

(iii) जो व्यक्ति इस निगम का अधिकारी अथवा कर्मचारी हो, उसे विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा प्राक्सी नियुक्त नहीं किया जा सकता।

स्पष्टीकरण : विनियम 25 व 26 के प्रयोजन के लिए निगमित निकाय में, विकास बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक एवं अन्य अनुसूचित बैंक, सहकारी बैंक, बीमा कम्पनियां, निवेश न्यास तथा अन्य वित्तीय संस्थान शामिल हैं जो किसी केन्द्रीय अधिनियम अथवा राज्य विधान सभा के किसी अधिनियम अथवा तत्समय भारत में लागू किसी विधि के अधीन निगमित अथवा पंजीकृत हैं।

27. प्राक्सी : (i) कोई लिखत अथवा प्राक्सी तब तक वैध नहीं होगी, जब तक कि निगमित निकाय के मामले में लिखत अथवा प्राक्सी पर ऐसे निकाय की कामन सील लगाकर उसे निष्पादित न किया गया हो अथवा उसके लिखित रूप में विधिवत् रूप से प्राधिकृत अटार्नी द्वारा उस पर हस्ताक्षर न किए गए हों।

(ii) कोई भी प्राक्सी तब तक वैध नहीं होगी, जब तक कि वह उस बैठक में मतदान के प्रयोजन से विशिष्ट रूप से तैयार न की गयी हो, जिसमें उसका प्रयोग किया जाना है।

(iii) कोई भी प्राक्सी तब तक वैध नहीं होगी, जब तक कि उस पर विधिवत् टिकट न लगी हुई हो और मुख्तारनामा या अन्य प्राधिकार (यदि कोई हो), जिसके अधीन उस पर हस्ताक्षर किए गए हों अथवा नोटरी पब्लिक द्वारा साक्ष्यांकित उस मुख्तारनामे या प्राधिकार के साथ उसे बैठक की नियत तारीख से कम से कम पूरे चार दिन निगम के प्रधान कार्यालय में जमा न करा दिया गया हो।

(iv) प्राक्सी की कोई भी लिखत तब तक वैध नहीं होगी, जब तक वह निम्नलिखित फार्म में तारीख सहित न लिखी गयी हो।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

.....के, हम.....जो, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारी हैं तथा जिनके पास निगम के.... शेयर हैं, एतद् द्वारा निगम के शेयरधारियों की .....को.....में आयोजित होने वाली वार्षिक सभा अथवा इसकी किसी अन्य स्थगित सभा में हमारे लिए तथा हमारी ओर से मतदान करने हेतु.....के श्री.....को (अथवा इनकी अनुपस्थिति में.....के, श्री.....को) प्राक्सी नियुक्त करते हैं।

दिनांक :

(v) विनियम 26 (ii) की शर्तों के अधीन, इस प्रकार जमा की गई प्राक्सी की लिखित प्राक्सी जैसा करने के अन्तिम दिन के बाद तब तक अप्रतिहरणीय मानी जाएगी, जब तक कि उस दिन या उस दिन से पहले निगम के प्रधान कार्यालय में अनुदाता की कॉमन सील या हस्ताक्षर के अधीन लिखित नोटिस जमा नहीं करवाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से यह उल्लेख किया जाएगा कि जिन मामलों में, लिखत में उल्लिखित कोई भी प्राक्सीधारी ऐसी किसी सभा में भाग लेने अथवा मत देने का हकदार नहीं होगा, उन मामलों में ऐसी लिखत का प्रतिसंहरण हो जाता है।

(iii) यदि उन्हीं शेयरों के विषय में प्राक्सी की दो या अधिक लिखतें जमा की जायें और यदि प्राक्सी जमा करने के अन्तिम दिन या उससे पहले खण्ड (v) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनमें से एक लिखत का विधिवत् प्रतिसंहारण नहीं करवाया गया तो प्राक्सी की सभी लिखत अमान्य समझी जायेंगी।

(vii) प्राक्सी की लिखित का उचित प्रतिसंहरण खण्ड (iii) के अनुसार परिसीमित समय के दौरान किसी भी प्रकार से प्राक्सी की अन्य मान्य लिखत को जमा करने से नहीं रोकता।

28. चुनाव विवाद : (i) यदि चुने गए या चुने जाने वाले व्यक्ति की अर्हता या निरर्हता के बारे में अथवा अन्यथा निदेशक के चुनाव की वैधता के बारे में कोई विवाद उठे, तो सदस्य या शेयरधारी होने के नाते उससे सम्बद्ध कोई व्यक्ति, जिसे ऐसे चुनाव में मत देने का हक हो, चुनाव का परिणाम घोषित होने की तारीख से 7 दिन के अन्दर बोर्ड के अध्यक्ष को उसकी लिखित सूचना देगा और ऐसा करते समय वह उसका पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेगा, जिसके

आधार पर उसने ऐसे चुनाव की वैधता के बारे में विवाद उठाया है । अध्यक्ष ऐसे विवाद को एक समिति के निर्णय के लिए तुरन्त प्रस्तुत करेगा, इस समिति में स्वयं अध्यक्ष और अधिनियम की धारा 10(1) के खण्ड (ग), (घ) और (ङ) में से किसी खण्ड के अनुसार चुने गए दो निदेशक होंगे। जो इस सम्बन्ध में ऐसे चुने गए निदेशक अध्यक्ष द्वारा नामित किए जायेंगे ।

(ii) यह समिति यथावश्यक जांच करेगी और यदि जांच से यह पता चले कि चुनाव वैध था तो यह चुनाव के घोषित परिणाम की पुष्टि करेगी अथवा यदि यह पता चले कि चुनाव वैध नहीं था, तो समिति नए चुनाव कराने के साथ-साथ ऐसे आदेश और निदेश देगी जो परिस्थितियों के अनुसार समिति को उचित प्रतीत हों ।

(iii) इन विनियमों के अनुसार इस समिति का आदेश और निदेश अन्तिम तथा निर्णायक माना जाएगा ।

अध्याय –V

निदेशकों का चुनाव

29. निवृत्त होने वाले निदेशकों का लाट द्वारा निर्धारण : अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) के प्रथम परन्तुक के अनुसार लाट द्वारा निर्धारण बोर्ड की बैठक में किया जाएगा । यह बैठक उक्त परन्तुक में निर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने से तीन महीने पहले अवश्य होगी और परिणाम बैठक के तुरन्त बाद घोषित कर दिया जाएगा ।

30. चुनाव का नोटिस जारी करना : यदि किसी महासभा में चुनाव होना हो, तो सभा आयोजित करने के नोटिस में रिक्त पदों और भरे जाने वाले पदों की संख्या की सूचना भी दी जायेगी ।

31. प्रत्येक वर्ग के शेयरधारियों की सूची : (i) अधिनियम की धारा 10(1) के खण्ड (ग), (घ) और (ङ) में से किसी भी खण्ड के अन्तर्गत निदेशकों के चुनाव के प्रयोजन के लिए प्रत्येक वर्ग के शेयरधारियों की अलग सूची, जिस बैठक में चुनाव होना हो उसकी तारीख से कम से कम चार सप्ताह पहले तैयार की जाएगी और प्रत्येक वर्ग के शेयरधारी केवल प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशकों के चुनाव में ही मत देंगे ।

(ii) ऐसी प्रत्येक सूची निगम के प्रधान कार्यालय में आवेदन करने पर पांच रुपए के मूल्य पर उपलब्ध होगी ।

32. निदेशक पद के प्रत्याशियों का नामांकन : (1) कोई भी प्रत्याशी बोर्ड के निदेशक के रूप में चुनाव के लिए विधिवत नामांकित नहीं होगा, जब तक कि :—

(क) वह नामांकनों की प्राप्ति की अन्तिम तारीख को अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत निदेशक बनने के अयोग्य न हो ।

(ख) वह उस वर्ग के शेयरधारियों में से किसी शेयरधारी द्वारा नामांकित न किया गया हो जिसके सम्बन्ध में चुनाव होना है ।

(ग) नामांकन, निदेशक बोर्ड अथवा कार्यकारी समिति अथवा प्रबन्ध समिति के संकल्प द्वारा अथवा तत्समय के लिए, शेयरधारी संस्थान के बोर्ड या कार्यकारी समिति या प्रबन्ध समिति की शक्तियों का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों द्वारा लिखित रूप में न किया गया हो और जिस बैठक में यह पारित किया गया हो उसके अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रति के रूप में प्रमाणित संकल्प की एक प्रति अथवा मूल रूप में लिखित नामांकन, जैसी भी स्थिति हो, निगम के प्रधान कार्यालय में जमा करवाया जाएगा और उसे नामांकन समझा जाएगा ।

(ii) कोई नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक वह निगम के प्रधान कार्यालय में चुनाव के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम 14 दिन पहले प्राप्त न हुआ हो ।

33. निदेशक पद के प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन : नामांकन पत्रों की प्राप्ति के लिए निर्धारित अन्तिम तारीख के बाद पहले कार्य-दिवस को, अध्यक्ष उन नामांकन पत्रों पर विचार करेगा और ऐसी जांच करने के बाद यदि वह है आवश्यक समझे तो प्रत्येक प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार या अस्वीकार करेगा । अध्यक्ष का यह निर्णय कि नामांकन वैध है या अवैध है अन्तिम माना जाएगा । यदि वैध नामांकनों की संख्या भरे जाने वाले पदों की संख्या के बराबर है या उनसे कम है, तो वैध रूप से नामांकित प्रत्याशी चुनाव के लिए आयोजित बैठक में चुने गए प्रत्याशी माने जाएंगे और चुने गए प्रत्याशियों के रूप में उनके नाम और पते प्रकाशित किए जाएंगे। यदि वैध नामांकनों की संख्या रिक्त पदों की संख्या से अधिक है, तो वैध रूप से नामांकित प्रत्याशियों के नाम और पते भारत के राजपत्र और भारत के कम से कम तीन समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाएंगे। निदेशकों के चुनाव का परिणाम भारत के राजपत्र में विधिवत् प्रकाशित किया जाएगा ।

अध्याय–VI

बोर्ड की बैठकें

34. बोर्ड की बैठकें : (i) प्रत्येक वर्ष हर तिमाही में कम से कम एक बार बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी और यह कार्यपालक निदेशक अथवा महाप्रबन्धक द्वारा बुलाई जाएगी ।

(ii) कोई तीन निदेशक किसी भी समय अध्यक्ष से बोर्ड की बैठक आयोजित करने की मांग कर सकते हैं और ऐसी मांग प्राप्त होने पर, अध्यक्ष उचित सूचना देते हुए बोर्ड की बैठक आयोजित करेगा, कि इस प्रकार आयोजि

की जाने वाली बैठक की तारीख, मांग प्राप्त होने की तारीख से 15 दिन के बाद की नहीं होगी।

(iii) बोर्ड की बैठकें दिल्ली या भारत में किसी अन्य स्थान पर होंगी।

(iv) सामान्यतः बोर्ड की प्रत्येक बैठक की सूचना कम से कम 15 दिन पहले दी जाएगी और यह सूचना प्रत्येक निदेशक को उसके पंजीकृत पते पर भेजी जायेगी। यदि आपात् बैठक बुलाना आवश्यक समझा जाए, तो प्रत्येक निदेशक को जो उस समय भारत में है पर्याप्त सूचना दी जाएगी ताकि वह बैठक में उपस्थित हो सके।

(v) (क) बोर्ड की किसी बैठक में, चाहे नियमित बैठक हो या आपात् बैठक तब तक कोई कार्रवाई नही की जाएगी जब तक औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 17(2) के अन्तर्गत निर्धारित कोरम पूरा न हो।

(ख) यदि कोरम पूरा न होने के कारण बोर्ड की बैठक न हो पाए, तो बैठक उस तारीख और समय और स्थान के लिए स्थगित कर दी जाएगी जो अध्यक्ष निर्धारित करे।

(vi) बोर्ड की बैठक में, जिस कार्य के लिए बैठक बुलाई गई है उसके अतिरिक्त किसी अन्य कार्य पर सिवाय उस स्थिति के जब बैठक का अध्यक्ष और उपस्थित अधिकांश निदेशक, इसके लिए सहमत हो तब तक विचार नहीं किया जाएगा, जब तक कि अध्यक्ष को उसके लिए लिखित रूप में एक सप्ताह का नोटिस न दिया गया हो।

(vii) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवृत्त की एक प्रति बैठक के बाद यथाशीघ्र निदेशकों की जानकारी के लिए परिचालित की जाएगी और कार्तवृत्त अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होंगे।

35. परिचालक द्वारा संकल्प : ऐसा लिखित संकल्प, जो भारत में सभी निदेशकों को परिचालित किया गया है जो उस समय भारत में हैं, उनमें से अधिकांश निदेशकों द्वारा हस्ताक्षरित और अनुमोदित है, जिनमें से एक अध्यक्ष होगा, वैध और प्रभावी होगा तथा उसे जिस तारीख को संकल्प के अन्तिम हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित और अनुमोदित किया गया है उस तारीख को बोर्ड द्वारा पारित संकल्प के रूप में समझा जाएगा।

परन्तु इस प्रकार पारित संकल्प बोर्ड की अगली बैठक में उसकी सूचनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा और यदि परिचालन के समय किसी निदेशक द्वारा विसम्मति व्यक्त की गई हो तो उसका भी उल्लेख किया जाएगा।

36. किसी निदेशक के हित को प्रकट करना : ऐसा प्रत्येक निदेशक जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान से सम्बद्ध है या निगम की तरफ से अथवा निगम द्वारा उसके साथ की गई किसी संविदा, ऋण या व्यवस्था से हितबद्ध है, प्रतिष्ठान में उसकी रुचि किस प्रकार की है इसके बारे में, बोर्ड या बोर्ड द्वारा नियुक्त समिति को बताएगा और जब बोर्ड या समिति की किसी बैठक में ऐसी संविदा ऋण या व्यवस्था पर विचार किया जाए तो उससे निवृत रहेगा।

परन्तु यदि किसी कम्पनी या समिति के साथ ऐसी संविदा, ऋण या प्रस्तावित व्यवस्था किए जाने का विचार है जिसमें निदेशक का अकेले अथवा बोर्ड के निदेशक अथवा निदेशकों सहित सम्बन्ध या हित ऐसी कम्पनी या समिति की प्रदत्त पूंजी के दो प्रतिशत से अधिक नहीं है तो सम्बन्धित निदेशक द्वारा बोर्ड की बैठक से निवृत होना आवश्यक नही होगा।

37. निदेशकों या सदस्यों की बैठक के लिए शुल्क : (i) प्रत्येक निदेशक या सदस्य (अध्यक्षों के सिवाय तथा सरकार, रिजर्व बैंक या विकास बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंको या राष्ट्रीयकृत बीमा कम्पनियों, सांविधिक निगमों या निवेश न्यासों के वेतनभोगी अधिकारी के सिवाय) बोर्ड की और निगम द्वारा नियुक्त की गई समिति की प्रत्येक बैठक जिसमें वह उपस्थित रहा हो, के लिए 250.00 रुपए शुल्क प्राप्त करेगा।

(ii) इसके अतिरिक्त, ऐसे प्रत्येक निदेशक या सदस्य को उसका यात्रा खर्च, यदि कोई हो, उस मान पर दिया जाएगा जो समय-समय पर बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाए।

(iii) केन्द्रीय सरकार, रिजर्व बैंक या विकास बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंकों या राष्ट्रीयकृत बीमा कम्पनियों, सांविधिक निगमों या निवेश न्यासों के वेतनभोगी अधिकारी के मामलें में, जो निदेशक या निगम की किसी समिति का सदस्य है, सरकार, रिजर्व बैंक या विकास बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंकों या राष्ट्रीयकृत बीमा कम्पनियां, सांविधिक निगमों या निवेश न्यासों द्वारा उनके नियमों के अन्तर्गत उस अधिकारी को दिए गए यात्रा भत्ते की अदायगी किए जाने पर, मांग प्राप्त होने से सरकार, रिजर्व बैंक या विकास बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंकों या राष्ट्रीयकृत बीमा कम्पनियों, सांविधिक निगमों या निवेश न्यासों को प्रतिपूर्ति की जाएगी।

38. निदेशक द्वारा त्याग पत्र : केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त या नामांकित निदेशक अथवा विकास बैंक द्वारा नामांकित निदेशक यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या विकास बैंक को आवेदन प्रस्तुत करके, बोर्ड को उसकी एक प्रति सहित, अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है और उसका त्यागपत्र, निगम या केन्द्रीय सरकार या विकास बैंक द्वारा स्वीकार कर लिए जाने की सूचना प्राप्त होने पर प्रभावी हो जाएगा। उपर्युक्त के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार या विकास बैंक द्वारा नियुक्त या नामित किसी निदेशक को नामांकन प्राधिकारियों द्वारा हटाया जा सकता है।

अधिनियम की धारा 10 की उप-धारा (1) के उप-खण्ड (ग), (घ) और (ङ) में से किसी के अनुसार चुना गया निदेशक, बोर्ड को आवेदन करके अपने पद से त्याग पत्र दे सकता है और त्यागपत्र स्वीकृत हो जाने पर पद रिक्त हो जाएगा।

